

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 06 मार्च 2026 ■ ;चैत्र कृष्ण पक्ष-3 ■ वर्ष -41 ■ अंक-332 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 07 मार्च 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

## यात्री बस पलटी, बच्चे समेत 6 की मौत, 9 गंभीर घायल

जशपुर,6 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़

जिले में शुक्रवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। करडेगा से कुनकुरी की ओर आ रही एक यात्री बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में एक बच्चे समेत 6 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त बस अनमोल बस एजेंसी की बताई जा रही है। बस में दो दर्जन से अधिक यात्री सवार थे। हादसा करडेगा चौकी क्षेत्र के गोड़ाअंबा के पास हुआ। बस पलटते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को बस से बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को इलाज के लिए कुनकुरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जा रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन और



पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस भी भेजी गई। वहीं मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की ओर से घायलों के बेहतर इलाज के लिए अधिकारियों को तत्काल आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

### मुख्यमंत्री ने जताया गहरा दुःख

**रायपुर 6 मार्च** .मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जशपुर जिले के दुलदुला विकासखंड अंतर्गत ग्राम गोडा अंबा के पास हुई बस दुर्घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने इस दुर्घटना में लोगों के असामयिक निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि यह समाचार अत्यंत दुखद और हृदय विदारक है।मुख्यमंत्री श्री साय ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिजनों को इस कठिन घड़ी को सहन करने की शक्ति दें। उन्होंने दुर्घटना में घायल सभी लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देशित किया है कि दुर्घटना में घायल सभी व्यक्तियों के उपचार में किसी भी प्रकार की कमी न रहने दी जाए तथा उन्हें हर संभव चिकित्सा सुविधा और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों की सतत निगरानी करते हुए प्रभावित परिवारों को आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## ट्रक ने बस को पीछे से मारी टक्कर, 4 यात्रियों की मौत

**सिमगा,6 मार्च।** रायपुर–बिलासपुर नेशनल हाईवे (NH-130) पर शुक्रवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से यात्री बस को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 12 से अधिक यात्री घायल हो गए हैं। सभी घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार यह हादसा सिमगा थाना क्षेत्र के दरचूरा गांव के पास सुबह करीब 11 बजे हुआ। बिलासपुर की ओर जा रही यात्री बस को पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस में सवार कई यात्री अंदर ही फंस गए और उन्हें बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालने में मदद की। हादसे में 4 यात्रियों की मौत हो गई है। वहीं 12 लोग घायल बताए जा रहे हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए सिमगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया



है। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही सिमगा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू करते हुए मामले की जांच में जुट गई है। वहीं पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है।

### छत्तीसगढ़ में चलने वाली यह दस पैसेंजर ट्रेनें हुई रद्द

**बिलासपुर,6 मार्च।** छत्तीसगढ़ के भीतर चलने वाली 10 पैसेंजर ट्रेनों को रेलवे ने रद्द कर दिया है। हावड़ा–मुंबई मुख्य लाइन पर स्थित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन में चौथी लाइन के निर्माण कार्य की वजह से रेलवे प्रबंधन ने यह कदम उठाया है. दरअसल, बिलासपुर– चांपा सेक्शन के मध्य अकलतरा स्टेशन में चौथी लाइन कनेक्टिविटी हेतु नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा. इसकी वजह से यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा. इस दौरान रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए कोरबा– रायपुर–कोरबा हसदेव एक्सप्रेस को पैसेंजर के रूप में चलने का निर्णय लिया है.

### कमरे में ले जाकर किया सामूहिक दुष्कर्म

**कोंडागांव,6 मार्च।** जिले के केशकाल अनुविभाग के ईरागांव थाना क्षेत्र में होली के दूसरे दिन दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। एक गांव में 19 वर्षीय युवती के साथ तीन नाबालिग समेत 5 युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, घटना होली के दूसरे दिन यानि गुरुवार की है। पीड़िता अपने घर में अकेली थी। इसी दौरान पांच लड़के रंग-गुलाल लगाने के बहाने घर पहुंचे और युवती को कमरे में ले गए। वहां आरोपियों ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता ने देर शाम ईरागांव थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपियों में से दो बालिग और तीन नाबालिग हैं। फिलहाल पुलिस आरोपियों से मामले में बारीकी से पूछताछ कर रही है।

### आग से बाड़े में खड़े 3 ट्रैक्टर के साथ कार जल गये

**बालोद,6 मार्च।** किसान के बाड़े में बीती रात आग से 3 ट्रैक्टर और एक कार जलकर राख हो गए. जांच में जुटी पुलिस आग लगने के कारणों की पड़ताल कर रही है.घटना गुंडरदेही थाना क्षेत्र के खेरुद गांव की है, जहां किसान राजेश यदु के बाड़े में खड़े तीन ट्रैक्टर और एक कार आग में जलकर स्वाहा हो गए. घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची गुंडरदेही पुलिस बाड़े में लगे सीसीटीवी फुटेज से आग के कारणों की पड़ताल में जुटी है.

### मध्य पूर्व के कुछ देशों से भारतीय एयरलाइंस ने फिर शुरू की सीमित उड़ान सेवाएं

**नई दिल्ली ,6 मार्च।** इंडिगो, एयर इंडिया और स्पाइसजेट सहित घरेलू एयरलाइंस ने शुक्रवार से मध्य पूर्व से आने-जाने वाली सीमित उड़ान सेवाओं को धीरे-धीरे फिर से शुरू कर दिया है। हालांकि अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध से जुड़े हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों के कारण अब भी हजारों उड़ानें रद्द हैं।

इंडिगो ने बताया कि वह शुक्रवार को मध्य पूर्व के आठ गंतव्यों के लिए 17 उड़ानें (34 सेक्टर) संचालित करेगी और सरकार के साथ मिलकर सुरक्षित तरीके से सेवाएं पूरी तरह बहाल करने पर काम कर रही है। कई रिपोर्ट्स के अनुसार, अधिकारियों द्वारा सऊदी अरब और ओमान के हवाई क्षेत्र खुले होने की पुष्टि के बाद एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने जेद्दा और मस्कट से आने-जाने वाली उड़ानों को फिर से शुरू करने की घोषणा की है।

## 31 मार्च तक देश से नक्सलवाद का होगा खात्मा:शाह

**नई दिल्ली,6 मार्च।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीआईएसएफ के 57वें स्थापना दिवस पर 31 मार्च, 2026 तक भारत को नक्सलवाद मुक्त करने का दृढ़ संकल्प दोहराया। उन्होंने इस लक्ष्य की प्राप्ति में ओडिशा और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में सीआईएसएफ की महत्वपूर्ण भूमिका और वीरता की सराहना की।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को दोहराया कि सुरक्षा बल 31 मार्च, 2026 तक देश से नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के अपने संकल्प को पूरा करेंगे। कटक में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 57वें स्थापना दिवस पर बोलते हुए अमित शाह ने नक्सलवाद के उन्मूलन में सीआईएसएफ की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सरकार 31 मार्च, 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त करने के लिए दृढ़ संकल्पित है और सीआईएसएफ ने इस प्रयास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चाहे ओडिशा हो, छत्तीसगढ़ हो या तेलंगाना, सीआईएसएफ ने नक्सलवाद के



उन्मूलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। शाह ने साफ तौर पर कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि 31 मार्च, 2026 तक यह देश नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। हमारे सुरक्षा बल तिरुपति से पशुपति तक रेड कॉरिडोर बनाने और अपना वर्चस्व स्थापित करने का सपना देखने वालों को पूरी तरह से पराजित करेंगे। अमित शाह ने देश के लिए सीआईएसएफ कर्मियों के "वीरता और आत्मबलिदान" की सराहना करते हुए उनकी सेवा के लिए आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि 56 वर्षों में, सीआईएसएफ ने न केवल अपने मूल उद्देश्य को पूरा किया है, बल्कि हर तरह की चुनौतियों का सामना करते हुए खुद को रूपांतरित भी किया है। वीरता और बलिदान भारत के गौरवशाली इतिहास की पहचान हैं। इन गुणों को समर्पण के साथ जोड़ते हुए और आधुनिक हथियारों से लैस होकर, सीआईएसएफ ने हर तरह की चुनौतियों का सामना करने का साहस दिखाया है। मैं बल के सभी कर्मियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं।

शाह ओडिशा के कटक जिले के मुंडाली स्थित खारवेला क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 57वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए थे। केंद्रीय गृह मंत्री का भुवनेश्वर हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने स्वागत किया, जब वे विभिन्न सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए राज्य पहुंचे थे। अमित शाह भुवनेश्वर में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) के परिसर में स्थित केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) का भूमि पूजन भी करेंगे। शाह भुवनेश्वर में 'नई न्याय संहिता' पर एक प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे और एक मोबाइल फोरेंसिक वैन को हरी झंडी दिखाएंगे।

### नितीश कुमार के राज्यसभा जाने पर भूपेश बघेल का तंज

**रायपुर,6 मार्च।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार के राज्यसभा जाने को लेकर तंज कसते हुए बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय नितीश कुमार को मुख्यमंत्री का चेहरा मानने से इनकार किया गया था, लेकिन वे पुराने खिलाड़ी हैं। दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लिए। इसके बावजूद वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह की राजनीति की चाल में फंस गए। बघेल ने कहा कि नितीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ा गया और जीत भी हासिल हुई, लेकिन बाद में उन्हें धक्का मारकर बाहर कर दिया गया। धान की सुखत (नमी) को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार कह रही है कि धान में जितनी सुखत आएगी, उतनी काटी जाएगी। इससे बचने के लिए धान में पानी डाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेमेतरा जिले में सबसे कम बारिश हुई है, जबकि महासमुंद और बेमेतरा में सबसे ज्यादा धान खरीदी हुई है। बघेल ने तंज कसते हुए कहा कि विष्णुदेव के सुशासन में सब कुछ संभव है।

## खाड़ी देशों में फंसे 12 हजार भारतीयों ने मोदी सरकार से लगाई मदद की गुहार

**नई दिल्ली,6 मार्च।** पश्चिम एशिया में भड़की अमेरिका-इजराइल-ईरान जंग के सातवें दिन हालात और भयावह हो गए हैं। लगातार हो रहे हमलों और बंद होते हवाई रास्तों के बीच खाड़ी देशों में फंसे भारतीयों की बेचैनी तेजी से बढ़ रही है। रिपोर्टों के अनुसार करीब 12 हजार भारतीय नागरिकों ने अपने वतन लौटने के लिए भारत सरकार से मदद मांगी है और क्षेत्र में स्थित भारतीय दूतावासों से लगातार संपर्क बनाए हुए हैं। हम आपको बता दें कि सबसे ज्यादा संकट संयुक्त अरब अमीरात में दिखाई दे रहा है। ईरान की तरफ से लगातार हो रहे हमलों के कारण वहां का हवाई क्षेत्र लगभग बंद है और सामान्य उड़ान सेवाएं पूरी तरह ठप पड़ी हैं। इस कारण हजारों भारतीय यात्री वहां फंस गए हैं और उनके सामने घर वापसी का रास्ता लगभग बंद हो गया है। सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार, इन फंसे हुए भारतीयों में बड़ी संख्या उन लोगों की है जो थोड़े समय के लिए घूमने या किसी काम से संयुक्त अरब अमीरात गए थे। इनमें ऐसे यात्री भी शामिल हैं जो किसी अन्य देश जाने



के लिए वहां रुके हुए थे। इसके अलावा कई छात्र भी इस संकट में फंस गए हैं क्योंकि ईरानी हमलों के बाद कई शिक्षण संस्थानों को बंद करना पड़ा है या पढ़ाई को ऑनलाइन माध्यम से चलाया जा रहा है। यह भी बताया जा रहा है कि युद्ध शुरू होने के केवल दो दिन बाद ही करीब 22 हजार भारतीय नागरिकों ने भारत सरकार से संपर्क कर देश लौटने की इच्छा जताई थी। यह संख्या अपने आप में इस बात का प्रमाण है कि खाड़ी क्षेत्र में बसे भारतीयों के सामने किस प्रकार की असुरक्षा और भय का माहौल पैदा हो गया है। हालांकि पिछले तीन दिनों में कुछ अस्थायी और विशेष उड़ानों के जरिए करीब दस हजार भारतीयों को वापस लाया जा चुका है, लेकिन अभी भी हजारों लोग अलग अलग देशों में फंसे हुए हैं और उनके लिए सुरक्षित वापसी की व्यवस्था अभी तक पूरी तरह स्पष्ट नहीं है।

रिपोर्टों में बताया गया है कि दोहा से भी करीब 850 भारतीय नागरिकों ने घर लौटने की मांग की थी। वहां का हवाई क्षेत्र पूरी तरह बंद होने के कारण उन्हें एक कठिन रास्ता अपनाना पड़ा। इन लोगों ने जमीन के रास्ते सऊदी अरब की सीमा पार की और फिर रियाद हवाई अड्डे से भारत के लिए उड़ान पकड़ी। यह पूरी प्रक्रिया बेहद कठिन और समय लेने वाली साबित हुई।

## आत्मनिर्भरता ही एकमात्र उपाय: राजनाथ

**नईदिल्ली,6 मार्च।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला में आई बाधा को स्वीकार करते हुए इसे अत्यंत असामान्य बताया। कोलकाता में सागर संकल्प समुद्री सम्मेलन को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य सहित व्यापार मार्गों में आई बाधा ने कई क्षेत्रों और वैश्विक व्यापार को प्रभावित किया है। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष ने पश्चिम एशियाई क्षेत्र को संघर्ष की स्थिति में घसीट लिया है, जिससे होर्मुज जलडमरूमध्य के व्यापार मार्ग बाधित हो गए हैं और वैश्विक तेल एवं ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है।



रक्षा मंत्री ने कहा कि मध्य पूर्व में जो हो रहा है वह अत्यंत असामान्य है। इस स्तर पर यह कहना मुश्किल है कि मध्य पूर्व या हमारे पड़ोस में भविष्य में हालात किस दिशा में आगे बढ़ेंगे। यदि हम होर्मुज जलडमरूमध्य या संपूर्ण फारस की खाड़ी क्षेत्र को देखें, तो यह विश्व की ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि जब इस क्षेत्र में कोई अशांति या व्यवधान होता है, तो इसका सीधा असर तेल और गैस की आपूर्ति पर पड़ता है। इतना ही नहीं, आज हम न केवल ऊर्जा क्षेत्र में, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान देख रहे हैं। इन अनिश्चितताओं का सीधा प्रभाव अर्थव्यवस्था और वैश्विक व्यापार पर पड़ता है। रक्षा मंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में देशों के बीच बढ़ती रणनीतिक प्रतिस्पर्धा पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि असामान्य स्थिति अब सामान्य होती जा रही है। उन्होंने कहा कि देश ज़मीन पर, हवा में, पानी में और यहाँ तक कि अंतरिक्ष में भी एक-दूसरे से टकरा रहे हैं। यह चिंताजनक और असामान्य स्थिति है।

## मोदी सरकार ने कई राज्यों के राज्यपाल बदल कर दिये बड़े सियासी संकेत

**नई दिल्ली,6 मार्च।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को देश के कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में राज्यपाल तथा उपराज्यपालों की नई नियुक्तियों की घोषणा की। इस फैसले को व्यापक प्रशासनिक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। इस बदलाव के तहत पश्चिम बंगाल, तमिल नाडु, महाराष्ट्र, तेलंगाना, नागालैंड, बिहार, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली और लद्दाख सहित कई स्थानों पर नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सबसे प्रमुख बदलाव तमिल नाडु के राज्यपाल आरएन रवि के स्थानांतरण के रूप में सामने आया है। उन्हें अब पश्चिम बंगाल का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वह सीवी आनंद बोस का स्थान लेंगे, जिन्होंने गुरुवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। बोस पिछले साढ़े तीन वर्ष से पश्चिम बंगाल के राज्यपाल थे और उन्होंने दिल्ली में राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंपा।

तमिल नाडु में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए राजेंद्र विश्वनाथ अरलेकर को वहां का नया राज्यपाल बनाया गया है। इससे पहले वह केरल में राज्यपाल के रूप में कार्य कर रहे थे। चुनावी माहौल को देखते हुए इस नियुक्ति को भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

दिल्ली और लद्दाख में भी अहम बदलाव हुए हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को अब लद्दाख का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है। वहीं अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत तरणजीत सिंह संधू को दिल्ली का नया उपराज्यपाल बनाया गया है। संधू लंबे समय तक कूटनीतिक सेवा में रहे हैं और विदेश नीति से जुड़े महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं।

तेलंगाना और महाराष्ट्र में भी राज्यपाल बदले गए हैं। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को अब तेलंगाना का राज्यपाल बनाया गया है। वहीं तेलंगाना के राज्यपाल रहे जिष्णु देव वर्मा को महाराष्ट्र का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। नागालैंड के नए राज्यपाल के रूप में बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता नंद किशोर यादव को जिम्मेदारी दी गई है। बिहार में भी नई नियुक्ति की गई है। सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सयद अता हसनैन को बिहार का राज्यपाल बनाया गया है। सेना में लंबे



अनुभव वाले हसनैन सुरक्षा और रणनीति के मामलों के विशेषज्ञ माने जाते हैं। उन्होंने आरिफ मोहम्मद खान की जगह ली है।

इस फेरबदल में हिमाचल प्रदेश के लिए भी नई नियुक्ति की गई है। लद्दाख के उपराज्यपाल रहे कविंदर गुप्ता को हिमाचल प्रदेश का राज्यपाल बनाया गया है। कविंदर गुप्ता ने गुरुवार को लद्दाख के उपराज्यपाल पद से इस्तीफा दे दिया था। उनका कार्यकाल हालांकि काफी चर्चा में रहा। हम आपको याद दिला दें कि कविंदर गुप्ता को जुलाई 2025 में लद्दाख का उपराज्यपाल बनाया गया था। उनके कार्यकाल के दौरान 24 सितंबर 2025 को लेह शहर में हिंसक घटना हुई थी। उस दिन क्षेत्र को संवैधानिक सुरक्षा देने की मांग को लेकर चल रहा प्रदर्शन हिंसक हो गया था। हालात बिगड़ने पर पुलिस की गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें करगिल युद्ध का एक पूर्व सैनिक भी शामिल था। इस घटना ने देश भर में व्यापक चर्चा को जन्म दिया था। तमिल नाडु में आर एन रवि और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की सरकार के बीच संबंध भी काफी तनावपूर्ण रहे। सत्तारुढ़ डीएमके ने कई बार आरोप लगाया कि राज्यपाल निर्वाचित सरकार के समानांतर राजनीतिक भूमिका निभा रहे हैं। राज्यपाल रवि ने कई विधेयकों को मंजूरी देने में देर की थी। इसके बाद अप्रैल 2025 में उच्चतम न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ा और दस विधेयकों को प्रभावी रूप से स्वीकृत मान लिया गया। राज्यपाल रवि कई बार विधानसभा में सरकार के तैयार भाषण को पढ़े बिना ही बाहर चले गए या फिर अपने विचारों के अनुसार भाषण में बदलाव किया। उन्होंने यह भी कहा था कि यदि निर्णय उन पर होता तो वे नीट से छूट देने वाले विधेयक को कभी मंजूरी नहीं देते। इन घटनाओं के कारण राज्य सरकार और राज्यपाल के बीच लगातार टकराव की स्थिति बनी रही। आरएन रवि का प्रशासनिक और सुरक्षा क्षेत्र में लंबा अनुभव रहा है। वह भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी रहे हैं और खुफिया ब्यूरो में भी महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। वर्ष 2014 से 2021 के बीच वे नागा शांति वार्ता के लिए केंद्र सरकार के वार्ताकार भी रहे थे।

## टैक्स जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च, देरी पर 18 प्रतिशत अधिभार

**भिलाई, 6 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** नगर पालिक निगम भिलाई ने शहर के सभी भवन एवं भूमि स्वामियों से वित्तीय वर्ष 2025-26 का संपत्तिकर, यूजर चार्ज, जलकर, भू-भाटक एवं




दुकान किराया 31 मार्च से पहले जमा करने की अपील की है। निगम प्रशासन के अनुसार निर्धारित तिथि के बाद संपत्तिकर का भुगतान नहीं करने पर 18 प्रतिशत अधिभार तथा 1000 रुपये शास्ति शुल्क लगाया जाएगा। निगम प्रशासन ने बताया कि जिन करदाताओं द्वारा अभी तक अपना पुराना संपत्तिकर जमा नहीं किया गया है, वे भी 31 मार्च 2026 से पहले बकाया कर जमा कर अतिरिक्त अधिभार से बच सकते हैं। करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को भी सभी जोन कार्यालयों तथा मुख्य कार्यालय में संपत्तिकर काउंटर सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुले रहेंगे। नागरिक अवकाश के दिनों में भी अपने करों का भुगतान कर सकते हैं। इसके अलावा करदाता घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से भी संपत्तिकर, जलकर एवं यूजर चार्ज का भुगतान कर सकते हैं। इसके लिए वेबसाइट का उपयोग किया जा सकता है।

## एचएमएम मॉड्यूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों का सम्मान

भिलाई, 6 मार्च **(तरुण छत्तीसगढ़)।** इस्पात भवन में आयोजित समारोह में वर्ष 2024–25 के लिए एचएमएम क्यूरेटेड मॉड्यूल्स के टॉप 10 लर्नर्स को कार्यपालक निदेशक पवन कुमार



ने सम्मानित किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रभारी संजीव कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक संजय द्विवेदी तथा महाप्रबंधक सौरभ वार्ष्णेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। एचएमएम क्यूरेटेड मॉड्यूल्स एक स्व-गति आधारित शिक्षण मंच है, जो अधिकारियों की प्रबंधकीय, तकनीक तथा व्यवहारिक क्षमताओं के विकास में सहायक सिद्ध हो रहा है। वर्ष 2024–25 में आयोजित पाँच हैंड होल्डिंग कार्यशालाओं के माध्यम से 108 नामांकित अधिकारियों में से 98 अधिकारियों ने सफलतापूर्वक मॉड्यूल पूर्ण किया, जो 91 प्रतिशत की उल्लेखनीय उपलब्धि है। इस उपलब्धि के साथ सेल-बीएसपी की सभी इकाइयों में सर्वोच्च स्थान पर रही। अपने संबोधन में पवन कुमार ने अधिकारियों की सीखने की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक लर्निंग प्लेटफॉर्म पेशेवर दक्षता बढ़ाने के साथ संगठनात्मक कार्यकुशलता को भी सुदृढ़ करते हैं। सम्मानित टॉप 10 लर्नर्स में ए.बी. श्रीनिवास, अमृता गंगराडे, संजय कुमार शर्मा, दीप्ति राज, सांतनु मित्रा, मोहम्मद अशरफ सिद्दीकी, सुमन मित्रा, मनीष मिश्रा, एस. मुखोपाध्याय तथा रविश कुमार श्रीवास्तव शामिल हैं।

## डायरेक्टर इंचार्ज ट्रॉफी में विजेता युवा प्रबंधकों का सम्मान

**भिलाई, 6 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** संयंत्र स्तरीय "डायरेक्टर इंचार्ज ट्रॉफी के विजेता युवा प्रबंधकों को संयंत्र के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने सम्मानित किया। प्रतियोगिता में सहायक महाप्रबंधक अरिंदम कर, वरिष्ठ प्रबंधक अनुप कुमार



सिंह और के. पवन कुमार की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और अब यह टीम एमटीआई, रांची में आयोजित होने वाली सेल स्तरीय प्रतियोगिता में संयंत्र का प्रतिनिधित्व करेगी। प्रतियोगिता में चेतन अशोक फुटाणे, फिलोमिना एक्का और शालिनी चौरसिया की टीम प्रथम उपविजेता तथा भावनीत कृष्णा, हिमांशु वर्मा और अजय नाथ जी पिल्लई की टीम द्वितीय उपविजेता रही। वर्किंग टूगेदर एस वन सेल : कोलैबोरेट, परफॉर्म एंड एक्सेल विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने भाग लिया।

## महिला दिवस पर पुस्तक विमोचन व अलंकरण समारोह 8 को

**भिलाई, 6 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च रविवार को मुक्तस्वर साहित्य समिति के तत्वावधान में सेक्टर-4 स्थित एस.एन.जी. विद्या पीठ के ऑडिटोरियम में पुस्तक विमोचन एवं मुक्तस्वर साहित्य अलंकरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में पश्चिम बंगाल के कोलकाता से विश्व विख्यात लेखिका बेबी हालदार उपस्थित रहेंगी। अध्यक्षता सुप्रसिद्ध लेखक, व्यंग्यकार, उपन्यासकार नई दिल्ली एम. एम. चन्द्रा करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में बालाघाट के सुप्रसिद्ध गीतकार एवं ग़ज़लकार अशोक कुमार सिंहासने असीम उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में एस.एन.जी. विद्यापीठ के अध्यक्ष वी. के. बाबू तथा विशेष अतिथि के रूप में पत्रकार व कथाकार शिवनाथ शुक्ल एवं मुक्तस्वर के मुख्य संरक्षक रजनीकांत श्रीवास्तव शामिल होंगे। इस अवसर पर मुक्तस्वर साहित्य समिति की शीशलता शालू की पुस्तक शालू के प्यार भरे नगमे, संतोष जाटव जालौनी की फर्ज के दीपक जलाएं तथा शंकर भट्टाचार्य की दीवार पर टंगी तस्वीर का विमोचन किया जाएगा। प्रसिद्ध गायिका सोनाली सेन को महिला दिवस नारी सम्मान प्रदान किया जाएगा, वहीं गीत वितान कला केन्द्र की ओर से लेखिका बेबी हालदार का भी महिला दिवस नारी सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन मुक्तस्वर साहित्य समिति के अध्यक्ष गोविन्द पाल एवं आभार प्रदर्शन मुक्तस्वर के महासचिव नरेंद्र सिक्केवाल द्वारा किया जाएगा।

# दाऊ रामचंद्र साहू शासकीय महाविद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण

**भिलाई, 6 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

सांसद विजय बघेल ने रानीतराई-अशोगा स्थित स्वर्गीय दाऊ रामचंद्र साहू शासकीय महाविद्यालय रानीतराई के नवीन शैक्षणिक भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया। लगभग 4.65 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस भवन के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशीला साहू ने की। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, जनपद पंचायत सदस्य कीर्ति नायक, जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार मिश्रा तथा जनभागीदारी समिति अध्यक्ष निर्मल जैन सहित अनेक जनप्रतिनिधि व ग्रामीण जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा राजकीय गीत के साथ हुई। अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। अपने संबोधन में सांसद विजय बघेल ने कहा कि दानवीर दाऊ रामचंद्र साहू के नाम से संचालित यह महाविद्यालय क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए गौरव का विषय है। नए भवन के निर्माण से रानीतराई-अशोगा क्षेत्र के छात्रों को उच्च शिक्षा की बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और उन्हें पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। कार्यक्रम का संचालन धनराज साहू ने किया तथा आभार प्रदर्शन जनभागीदारी समिति की ओर से किया गया।



### अंतर इस्पात संयंत्र कबड्डी प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन 7 को

**भिलाई, 6 मार्च।** बीएसपी की कबड्डी टीम का चयन एस.पी.एस.बी. अंतर इस्पात संयंत्र कबड्डी प्रतियोगिता 2025–26 में भाग लेने के लिए किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का आयोजन दुर्गापुर स्टील प्लांट द्वारा दुर्गापुर में 12 से 14 मार्च तक किया जा रहा है। टीम चयन के लिए क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा चयन स्पर्धा का आयोजन 7 मार्च को सायं 5:30 बजे से कबड्डी ग्राउंड, पंत स्टेडियम, सेक्टर-1 में किया जाएगा।

# फूलों की होली खेलकर प्राकृतिक होली को बढ़ावा देने की कोशिश

**उतई,6 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** जनपद पंचायत पाटन के सभापति प्रणव शर्मा जी अपने गृहग्राम नारायणपुर(घुघुवा क) में अपने उद्बोधन में क्षेत्रवासियों को होली की बधाई दी और होली के त्योहार को सामाजिक समरसता का उत्सव बताया जहां लोग ऊंच नीच, अमीर गरीब और जातिगत भेदवाद को छोड़कर एक दूसरे के साथ घुल मिल कर होली खेलते हैं । यह आयोजन विद्यासागर एवं युवा साथीगण और ग्रामवासियों द्वारा रामायण एवं मानसगाण समिति, शितला सेवा समिति, श्री मंगल मूर्ति मारुती यज्ञ सेवा समिति,यंग स्टार ब्वॉयस क्लब, महावीर युथ क्लब व समस्त महिला स्व. सहायता समूह के सहयोग से आयोजित संगीतमय फूलों की होली मिलन समारोह कार्यक्रम रखा गया जिसमें केमिकल युक्त गुलाल को इस्तेमाल नहीं किया गया जिससे पर्यावरण और सेहत पर बुरा असर पड़ता है, फूलों के साथ हर्बल गुलाल से होली खेलने को प्रोत्साहित किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच श्रीमती शैलेंद्री ढालसिंह साहू ने की विशिष्ट अतिथि श्री शिवनारायण शर्मा जी (उप-सरपंच घुघुवा क), श्रीमति डाकेश्वरी ठकेन्द्र धनकर जी(पूर्व सदस्य ज.पं.), श्री लोकेश्वर साहू




जी (पूर्व सरपंच),श्रीमति हेमलता साहू जी(पूर्व सरपंच), श्रीमति आशा- निषाद जी(पूर्व उपसरपंच), श्री गंगाराम साहू जी(समाजसेवी), श्री ओगी राम साहू जी(समाज प्रमुख), श्री पुनित राम भारती जी (समाज प्रमुख), श्री रमेश यादव जी(समाज प्रमुख), श्री रामनारायण निषाद जी(समाज प्रमुख), श्री मनोज साहू जी (समाजसेवी), श्री घनश्याम ठाकुर जी(समाजसेवी), श्री थानेश्वर साहू जी(समाजसेवी), श्री जीवनलाल साहू जी(समाजसेवी), श्री जागृति साहू जी(समाजसेवी), श्री रूपनारायण साहू जी(ठेकेदार), श्री पंचू यादव जी(वरिष्ठ यादव समाज), दुर्वासा साहू(अध्यक्ष साहू समाज करसा) रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री कृष्ण पूजा अर्चना कर किया गया, कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण संगीतमय फूलों की होली रही, जगन बाबा जस्ट नाइट की संगीत प्रस्तुति ने सभी का मनमोहा, इस अवसर पर प्रशांत शर्मा, रामदेव साहू, दीपक शर्मा, मनीष कपूर, योगेश शर्मा, राजकुमार साहू, फगुआ संतोष साहू, गिरधारी साहू एवं समस्त ग्रामवासियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।




### सांसद निवास पर धूमधाम से मनाया गया होली पर्व

**कवर्धा,6 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)** सांसद निवास पर जिला बीजेपी अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ओर जिला बीजेपी महामंत्री मुकेश ठाकुर सहित बीजेपी कार्यकर्ताओं ने सांसद संतोष पांडेय को गुलाल लगाकर एवं सांसद ने भी जिला बीजेपी अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ओर जिला महामंत्री मुकेश ठाकुर को गुलाल लगाकर बधाई दी ।



### जिला पंचायत सभापति निवास पर होली धूमधाम से मनाई गई

कवर्धा **(तरुण छत्तीसगढ़)।** जिला पंचायत सभापति दीपा धुर्वे के निवास पर क्षेत्रवासी सुबह से ही पहुंचकर दीपा दीदी को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और जिला पंचायत सभापति दीपा ने भी गुलाल लगाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।

# पुलिस कंट्रोल रूम में भी दिखा होली का उत्साह



**भिलाई, 6 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

सेक्टर-6 स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में होली का उत्साह देखने को मिला यहां पुलिसकर्मी रंग-गुलाल लगाकर और डांस कर त्योहार मनाते नजर आए पुलिसकर्मी पूरी तरह होली के रंग में रंगे दिखाई दिए डीजे पर होली गीतों पर जमकर नाचे जवान छत्तीसगढ़ में होली के दूसरे दिन पुलिसकर्मियों ने साथ मिलकर जश्न मनाया 72 घंटे तक लगातार ड्यूटी करने के बाद जवानों ने अपने साथियों के साथ खुशियां साझा कीं डीजे पर बज रहे होली के गानों पर पुलिसकर्मी जमकर झूमे और एक-दूसरे को रंग लगाकर बधाई दी दुर्ग कलेक्टर, दुर्ग आईजी और दुर्ग डीआईजी भी पहुंचे कार्यक्रम में इस मौके पर दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह, दुर्ग रेंज आईजी अमित शांडिल्य और दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल भी पुलिसकर्मियों के बीच पहुंचे अधिकारियों ने जवानों के साथ होली के गीतों पर डांस किया और उन्हें गले लगाकर त्योहार की शुभकामनाएं दीं अधिकारियों ने बढ़ाया जवानों का उत्साह कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी सहित भी मौजूद रहे उन्होंने भी जवानों के साथ डांस किया जिससे माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया मिठाई बांटकर दी होली की बधाई होली के इस रंगीन माहौल में पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और गले मिलकर शुभकामनाएं दीं लगातार ड्यूटी के बाद मिले इस मौके पर जवानों के चेहरों पर राहत और त्योहार की खुशी साफ दिखाई दी प्रदेश के कई जिलों में पुलिस ने मनाई होली जिलों की पुलिस लाइन में भी पुलिसकर्मी होली खेलते और डांस करते नजर आए कहीं मिठाई बांटी गई तो कहीं फाग गीत गाकर त्योहार का आनंद लिया गया दुर्ग पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि होली पर्व को शांति सौहार्द एवं आपसी भाई चारे के साथ मनाएं तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें





### जिला पंचायत में होली पर्व का दिखा उत्साह

कवर्धा **(तरुण छत्तीसगढ़)**।जिला पंचायत कबीरधाम में धूमधाम से मनाई गई होली ।जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सभापति दीपा पप्पू धुर्वे, ने अधिकारी कर्मचारियों, क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक बधाई दी। ।



**कवर्धा (तरुण छत्तीसगढ़)।** इस बार शहर में 127 से ज्यादा लोगों पर होली की मस्ती महंगी पड़ी इनमें कुछ लोगों के अधिक नशे से तबीयत बिगड़ गई तो कुछ आंख, कान में रंग जाने और त्वचा में एलर्जी का शिकार हो गए थे जिससे उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा ज्यादा लोग हादसों और मारपीट करके अस्पताल पहुंचे थे। अधिकांश को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई 100 से ज्यादा ऐसे लोग पहुंचे जो हादसे या मारपीट में घायल हो गए थे सरकारी अस्पतालों के अलावा लोग निजी अस्पतालों में भी पहुंचे और इलाज कराया

# चाकू की नोंक पर लूट करने वाले गिरफ्तार

**भिलाई 6 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

नेवई थाना क्षेत्र के चाकू की नोक पर लूट की वारदात हुई सवाल खड़े किए हालांकि नेवई थाने पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया सेक्टर-6 निवासी सुजीत कुमार नेवई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई उन्होंने बताया कि वह रिसाली सेक्टर से जोमैटो डिलीवरी कर लौट रहे थे लूट के बाद आरोपी फरार इसी दौरान, स्कूटी (क्रमांक CG 10 AB 0512) पर सवार दो युवकों ने सुजीत को रोक लिया और दुर्ग स्टेशन छोड़ने के लिए कहा जैसे ही सुजीत रुके एक युवक ने उनके गले पर धारदार चाकू अड़ा दिया जब कि दूसरा युवक उनकी पैंट की जेब से पर्स छीन लिया आरोपियों ने उनसे 4500 रुपए नकद और वाहन की चाबी छीन ली और दो आरोपी को गिरफ्तार किया गया है नेवई टीआई अनिल साहूने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने धारा 126 (2), 309(4) बीएनएस तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है पुलिस ने तत्काल आरोपियों की तलाश शुरू कर दी पुलिस को तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना से महत्वपूर्ण सुराग मिले नेवई थाने पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए कुछ ही घंटों में दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया गिरफ्तार आरोपियों की पहचान स्मृति नगर सुपेला निवासी नितिन तिवारी उर्फ निन्नी (20 साल ) और स्टेशनपारा राजनांदगांव निवासी अक्षत शेण्डे (19 साल ) के रूप में हुई है जब्त हुआ चाकू एक्टिवा और नगदी पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में इस्तेमाल काले रंग की पुरानी होंडा एक्टिवा (CG 10 AB 0512), एक धारदार लोहे का चाकू और लूट की राशि में से 100 रुपए नगद बरामद किए हैं जब्ती की कार्रवाई गवाहों की उपस्थिति में की गई आरोपियों द्वारा स्वीकार किए जाने के बाद गिरफ्तार कर न्यायालय दुर्ग में पेश किया गया जहां से केंद्रीय जेल दुर्ग भेज दिया गया

### युवक ने की आत्महत्या

**भिलाई,6 मार्च।** वैशाली नगर थाना क्षेत्र के युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली युवक की पहचान राजीव नगर निवासी सौरभ सोनकर ( 24 साल ) के रूप में हुई है युवक होली के दिन परिजनों के साथ था और होली भी खेली लेकिन रात में फांसी के फंदे पर उसकी लाश मिली सौरभ ने अपने ही घर में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी जब परिजनों और दोस्तों को इसकी जानकारी मिली तो वे तुरंत उसे नीचे उतारकर भिलाई के एक निजी अस्पताल ले गए अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया अस्पताल के बाहर जमा हुई भीड़ परिवार के लोग उसे दूसरे अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे लेकिन बाद में उन्होंने शव को उसी अस्पताल की मर्च्यूरी में रखवा दिया पोस्टमॉर्टम सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में कराया जाएगा 2 थानों की पुलिस पहुंची अस्पताल घटना की सूचना मिलते ही सुपेला थाने और वैशाली नगर थाने के प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घर का मुआयना किया और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है परिवार के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच कर रही है



### फ्लाई ओवर के नीचे युवक का शव मिला

भिलाई.**(तरुण छत्तीसगढ़)।**भट्ठी थाना क्षेत्र के होली के दिन सेक्टर-1 स्थित मुर्गा चौक के पास फ्लाईओवर के नीचे अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी गई पुलिस ने फ्लाईओवर से नीचे गिरने से मौत की आशंका जताई है भट्ठी ने बताया कि राहगीरों ने फ्लाईओवर के नीचे युवक को पड़ा देखा। पास जाकर देखने पर वह मृत मिला इस के बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई पुलिस मौके पर पहुंची आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन युवक की पहचान नहीं हो सकी युवक की उम्र करीब 20 से 22 वर्ष बताई जा रही है उसके पास कोई पहचान पत्र नहीं मिला। युवक की मौत फ्लाईओवर से गिरने के कारण हुई हो सकती है। यह हादसा हो सकता है या की आत्महत्या आशंका भी जताई जा रही है फिलहाल हर पहलू से जांच जारी है भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला फ्लाईओवर से गिरने का प्रतीत होता है मौत का असली कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा शव को पोस्टमार्टम के लिए सुपेला अस्पताल भेजा गया है भट्टी पुलिस थाने में मर्ग कायम कर जांच आगे बढ़ाई जा रही है युवक की पहचान के प्रयास जारी हैं



# रेत में दबा मिला युवक का शव,हत्या की आशंका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 6 मार्च।** जिले मानपुर विकासखंड के मदनवाड़ा थाना क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई, जब भैसाराटोला ( हलबा पारा)और चावरगांव के बीच स्थित नदी में एक अज्ञात युवक का शव संदिग्ध हालत में बरामद हुआ। शव नदी किनारे रेत में कमर से ऊपर तक दबा हुआ मिला, जिससे प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। घटना की खबर फैलते ही आसपास के गांवों में दहशत और कौतूहल का माहौल बन गया।



जानकारी के अनुसार ग्रामीणों को नदी किनारे तेज बदबू आने पर वहां पहुंचे, वहां कुत्ते रेत को खोदे थे, जिससे शव का कमर से पैर तक का हिस्सा बाहर दिखने लगा। जब ग्रामीणों ने पास जाकर देखा तो रेत में दबा हुआ शव नजर आया। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। चार मार्च को सूचना मिलते ही मदनवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पांच मार्च 2026 को पुलिस ने फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम को भी मौके पर बुलाया, जिन्होंने साक्ष्य एकत्र कर जांच शुरू की। शव को रेत से बाहर निकालकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

प्रारंभिक जांच में मृतक की उम्र करीब 20 से 30 वर्ष के बीच बताई जा रही है। शव लगभग सात दिन पुराना होने के कारण उसमें सड़न की स्थिति थी चेहरा भी साफ नहीं दिख रहा है। पोस्टमार्टम और फॉरेंसिक जांच के आधार पर यह आशंका जताई जा रही है कि युवक की गमछा से गला घोंटकर हत्या की गई है और सबूत मिटाने के उद्देश्य से शव को नदी के अंदर रेत में दबा दिया गया। मदनवाड़ा थाना प्रभारी खोमन भंडारी ने बताया कि शव लगभग एक सप्ताह पुराना प्रतीत हो रहा है। प्रथम दृष्टया गमछे से गला घोंटकर हत्या किए जाने की संभावना सामने आई है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस अज्ञात मृतक की शिनाख्त के प्रयास कर रही है और अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास के गांवों में पूछताछ कर रही है और लापता व्यक्तियों की जानकारी भी जुटाई जा रही है, ताकि मृतक की पहचान हो सके और घटना के पीछे के कारणों का पता लगाया जा सके। वहीं, इस सनसनीखेज घटना के बाद क्षेत्र में भय और चर्चा का माहौल बना हुआ है।

## एक नजर

### कलेक्टर ने वृद्धाश्रम के बुजर्गो को बांटी होली की खुशियां

**बलौदाबाजार, 6 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को बलौदाबाजार स्थित वृद्धाश्रम श्री वाटिका पहुंचकर बुजुर्गो को होली की शुभकामनायें दीं। उन्होंने गुलाल लगाकर बुजुर्गो को सम्मानित किया और उपहार भी दिये। कलेक्टर ने बुजुर्गो से कुशलक्षेम पूछते हुए उनकी समस्याएं भी सुनी। उनकी मांग पर आवश्यकता अनुसार साबुन और डिटेर्जेन्ट पाउडर देने, गुणवत्तापूर्ण भोजन एवं साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश केयर टेकर को दिये। इसके साथ ही उप संचालक समाज कल्याण को निर्देशित किया कि वृद्धाश्रम का नियमित निरीक्षण करें और बुजुर्गो का अपने परिवार की तरह देखभाल करें। उन्होंने आश्रम के रसोई घर,भंडार क़क्ष, शयनक़क्ष एवं मनोरंजन क़क्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित बच्चों से पढ़ाई के बारे में पूछ ताछ करते हुए पहाड़ा सुनाने कहां जिस पर क़क्ष 5 वीं एवं 6वीं के बच्चों ने पहाड़ा सुनाया। कलेक्टर ने खूब पढ़ाई कर मंजिल हासिल करने प्रोत्साहित किया। बताया गया कि वृद्धाश्रम में कुल 17 बुजुर्गो का पंजीयन है. वर्तमान में 17 बुजुर्ग निवासरत है। विश्राम के साथ चाय नाश्ता एवं भोजन की व्यवस्था है। माह में दो बार स्वास्थ्य जांच कराया जाता है। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम प्रकाश कोरी,उप संचालक सिनीवाली गोयल उपस्थित रहे।

### महुआ शराब बिक्री करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 6 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 04.03.2026 को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना पलारी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम बांसबिनौरी में घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से ?600 कीमत मूल्य का 06 लीटर हांथ भट्ठी निर्मित अवैध महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना पलारी में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### पुलिस अधीक्षक ने पेट्रोलिंग एवं सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा



**बलौदाबाजार 6 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** होली पर्व के दौरान शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में व्यापक स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था लगाया गया है, जिसमें पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों, पूर्व में अपराध प्रभावित स्थानों एवं अड्डेबाजी वाले क्षेत्रों की मैपिंग कर सतत निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा बलौदाबाजार शहर के विभिन्न संवेदनशील स्थानों का पेट्रोलिंग कर निरीक्षण किया गया। इस दौरान ड्यूटी में तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों को सतर्कता, नियमित पेट्रोलिंग एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए उनका हौसला बढ़ाया गया। सांथ ही होली ड्यूटी में लगे पुलिस बल की समीक्षा की गई। महिला एवं बच्चों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए विशेष महिला पेट्रोलिंग टीम शक्ति की तैनाती की गई है, जिसके द्वारा बाइक पेट्रोलिंग कर बलौदाबाजार शहर के अंदरूनी क्षेत्र, गलियों एवं कॉलोनी में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। होली पर्व पर जिले में लगभग 400 की संख्या में पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि होली पर्व के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखें। अफ्वाहों पर ध्यान न दें तथा किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। कानून व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### दो सटोरिए गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 6 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है।

राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष के रूप में गणेश शंकर मिश्रा ने संभाला पदभार, मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएँ

# दीर्घकालिक विकास की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा राज्य नीति आयोग:सीएम साय





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 6 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज नवा रायपुर स्थित नीति भवन में छत्तीसगढ़ राज्य नीति आयोग के नवनियुक्त उपाध्यक्ष श्री गणेश शंकर मिश्रा के पदभार ग्रहण समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने उन्हें इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य नीति आयोग प्रदेश के दीर्घकालिक विकास विज़न, साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण और विभिन्न विभागों के बेहतर समन्वय के माध्यम से छत्तीसगढ़ के विकास को नई दिशा और गति देने वाला एक महत्वपूर्ण संस्थान है। उन्होंने कहा कि भविष्य की जरूरतों और चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए विकास की योजनाएँ और रणनीतियाँ तैयार करने में आयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी दृष्टि को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ में भी छत्तीसगढ़ विज़न डॉक्युमेंट 2047 तैयार किया गया है, जिससे प्रदेश के समग्र और दीर्घकालिक विकास की रूपरेखा तय की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा योजना आयोग के स्थान पर नीति आयोग के गठन का निर्णय दूरदर्शी सोच का परिणाम था। आज नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिलों का कार्यक्रम देश के पिछड़े क्षेत्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जिसका सकारात्मक प्रभाव छत्तीसगढ़ के आकांक्षी जिलों में भी देखने को मिला है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नीति आयोग की विशेषता यह है कि यह क्षेत्र की वास्तविक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नीति और योजना निर्माण को बढ़ावा देता है। इसी सोच के साथ राज्यों में भी राज्य नीति आयोग का गठन किया गया है, जो विकास की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सुशासन, पारदर्शिता और जनभागीदारी के साथ प्रदेश में विकास को नई गति देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री गणेश शंकर मिश्रा के प्रशासनिक अनुभव से राज्य नीति आयोग को नई दिशा और गति मिलेगी। आयोग की ओर से प्राप्त अच्छे सुझावों को राज्य सरकार गंभीरता से लेकर प्रभावी ढंग से लागू करने का प्रयास करेगी। राज्य नीति आयोग के नवनियुक्त उपाध्यक्ष श्री गणेश शंकर मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि बेहतर और भविष्योन्मुखी नीतियों के माध्यम से छत्तीसगढ़ को अधिक समृद्ध और विकसित बनाने की दिशा में सभी के साथ मिलकर कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, विधायक सुश्री लता उसेंडी, विधायक श्री अमर अग्रवाल, महापौर धमतरी श्री रामू रोहरा, राज्य नीति आयोग के सदस्य डॉ. के. सुब्रह्मण्यम, सदस्य सचिव श्री आशीष भट्ट, सचिव श्री भुवनेश यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



**सिमगा 6 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कांग्रेस भवन में होली मिलान समारोह किया गया साथ सुनील माहेश्वरी जी का जन्म दिवस भी मनाया गया इस अवसर में सभी साथी कार्यकर्ता व बुजुर्ग और दोस्तों ने मिल कर केक काटे होली में एक दूसरे को बधाई दी सुनील माहेश्वरी जी ने मीठे स्वर में बोला जन्मदिवस सभी जिव जंतु व इंसानो का महत्वपूर्ण होता है लेकिन इसे हम नहीं हमें सब चाहने वाले और भी महत्वपूर्ण बना देते हैं सभी का आभार व्यक्त किया व सभी को शांति पूर्ण होली मनाने पर बधाई दी

### राज्यपाल ने माँ महामाया का दर्शन कर छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि, खुशहाली की कामना की

**रायपुर, 6 मार्च।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज रतनपुर पहुंचकर माँ महामाया मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने माँ महामाया से छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि, खुशहाली और प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना कर आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर में राज्यपाल का मंदिर समिति के पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं ने आत्मीय स्वागत किया।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष श्री लवकुश कश्यप, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, एसएसपी श्री रजनेश सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, सहित श्री मोहित जायसवाल एवं माँ महामाया मंदिर समिति के पदाधिकारियों मौजूद थे।

केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में संचालक नियुक्त होने पर

# निवर्तमान कलेक्टर दीपक सोनी को दी विदाई और नवपदस्थ कलेक्टर कुलदीप शर्मा का किया स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 6 मार्च।** केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में संचालक नियुक्त होने पर निवर्तमान कलेक्टर श्री दीपक सोनी को अधिकारियों ने भावभीनी विदाई दी वहीं जिले के नये कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा का स्वागत किया गया। बलौदाबाजार स्थित एक होटल में सोमवार को आयोजित विदाई सह स्वागत कार्यक्रम में अधिकारियों ने निवर्तमान कलेक्टर श्री सोनी एवं नये कलेक्टर श्री शर्मा का गुलदस्ता देकर स्वागत किये एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए निवर्तमान कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि जिले का कार्यभार विषम परिस्थिति में संभाला था लेकिन सब के सहयोग से बहुत जल्द स्थिति में सुधार हुआ था। प्रभारी सचिव का मार्गदर्शन मिला। सभी जिला अधिकारियो का बहुत सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि अधिकारी - कर्मचारियों के तनाव व डर को दूर करने के लिये काउंसिलिंग की व्यवस्था की गई। कलेक्ट्रेट भवन का पुर्नरुद्धार 15 दिन में पूरा हो गया। क़ानून व्यवस्था की बहाली के प्रयास,सामाजिक संगठनों, चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स से बातचीत का दौर शुरू हुआ और स्थिति सुधरते गई। उन्होंने कहा कि बलौदाबाजार - भाटापारा जिला ऐतिहासिक भूमि है यहां गिररौदपुरी धाम, कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा, वीरभूमि सोनाखान, ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल तुरतुरिया, सिद्धश्वर मंदिर पलारी, पर्यटन स्थलों में बारनावापारा अभयारण्य सहित अनेक स्थल है। विश्व स्तरीय सीमेंट सयंत्र हैं।यहां काम करने के अनेक क्षेत्र है। पीएम आवास, सुशासन तिहार, औद्योगिक विवाद का निपटारा बेहतर ढंग से किया गया ।धान खरीदी सुचारु ढंग से सम्पन्न हुआ। जिला प्रशासन की टीम बहुत अच्छी है, टीम भावना से काम हुआ। आप सभी इसी टीम भावना से काम करते हुए जिले को नई उंचाई पर ले जाएंगे। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि निवर्तमान कलेक्टर श्री सोनी ने जिस मुकाम पर जिले को पहुंचाया है उसे कायम रखते हुए और आगे ले जाना है। उनके द्वारा रखी गई आधारशिला में मजबूत ईमारत बनाना है। सभी विभागीय अधिकारियों के साथ मिलकर पूरी मेहनत करेंगे जिले को विकास की नई उंचाई पर ले जाना है। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने कहा कि निवर्तमान कलेक्टर श्री सोनी के लीडरशिप में पुलिस प्रशासन ने बेहतर काम किया है। हर परिस्थिति को बेहतर ढंग से हैंडल करना उनकी खूबी है। विषम परिस्थिति में सम्भालना और जिले को उंचाई तक लेकर जाना सिखने योग्य है। लोगों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया गया।जनदर्शन में भी लोगों की उम्मीदों को भली भांति समझते हुए समस्या का समाधान हुआ।

### नवपदस्थ कलेक्टर ने कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण,अनुपस्थितों को नोटिस देने के दिए निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 6 मार्च।** नवपदस्थ कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय में संचालित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई कार्यालय के अधिकारी - कर्मचारी अनुपस्थित मिले जिस पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा का राज्य शासन के निर्देशानुसार सभी अधिकारी एवं कर्मचारी समय पर कार्यालय में उपस्थित रहे। बायोमेट्रिक अटेडेन्स की व्यवस्था है सभी अपनी उपस्थिति समय पर दर्ज करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि 10: 15 बजे के बाद उपस्थिति दर्ज होने पर आधे दिन का एवं 10 :30 बजे के बाद दर्ज होने पर सम्बधित अधिकारी -कर्मचारी का फूल डे वेतन काटा जाएगा। उन्होंने कार्यालयों में साफ-सफाई एवं दस्तावेजों का उचित रख-रखाव करने, शौचालय को स्वच्छ रखने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान डीएमएफ शाखा, जिला कोषालय, जिला योजना एवं सांख्यियकी, आयुष विभाग, उद्यानिकी, मछली पालन, आबकारी, खनिज, आदिवासी विकास, महिला एवं बाल विकास, शहर एवं ग्राम निवेश, हस्तशिल्प, खाद्य विभाग,उद्योग विभाग, कौशल विकास, समाज कल्याण, राजस्व विभाग अंतर्गत विभिन्न शाखाओं का अवलोकन किया। इस दौरान अपर कलेक्टर एआर.टंडन, निशा नेताम मड़ावी, संयुक्त कलेक्टर सीमा ठाकुर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### नियमों के उल्लंघन पर ओमकार हॉस्पिटल का लाइसेंस सस्पेंड

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 6 मार्च।** छत्तीसगढ़ राज्य उपचर्यागृह तथा रोगोपचार संबंधी स्थापनाएं अनुज्ञापन अधिनियम 2010, 2013 और नर्सिंगहोम अधिनियम के उल्लंघन पर ओमकार हॉस्पिटल का लाइसेंस सस्पेंड कर किया गया है। ओमकार मल्टीस्पेस्लिटी मॉस्पिटल के विरुद्ध शिकायत प्राप्त होने पर अनुविभागीय दण्डाधिकारी बलौदाबाजार एवं नर्सिंग होमएक्ट के जिला स्तरीय चिकित्सा विशेषज्ञ समिति से जांच करायी गयी। अनुविभागीय दण्डाधिकारी बलौदाबाजार एवं चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन अनुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के माध्यम से ओमकार मल्टीस्पेस्लिटी हॉस्पिटल छुईहा बलौदाबाजार छत्तीसगढ़ राज्य उपचर्यागृह तथा रोगोपचार संबंधी स्थापनाएं अनुज्ञापन अधिनियम 2010 में अध्याय-दो की धारा के कण्डिका 3 अनुसार अनुज्ञा पत्र का निरस्तीकरण अथवा निलंबन हेतु 30 दिवस का नोटिस जारी किया गया। प्रस्तुत जवाब का परीक्षण किए जाने पर जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। अस्पताल प्रबंधन के विरुद्ध शिकायत एवं जांच प्रतिवेदन अनुसार संस्था द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य उपचर्यागृह तथा रोगोपचार संबंधी स्थापनाए अनुज्ञापन अधिनियम 2010, 2013 के धारा 10 के अनुसूची के अस्पताल और नर्सिंग होम के कंडिका 7.2. धारा 14 के अनुसूची 7 के नियम 3 के उप कण्डिका एक, दो एवं ग्यारह एवं धारा 17 के 1 व 2 के छ एवं 3 का उल्लंघन किया गया है। इस कारण ओमकार मल्टीस्पेस्लिटी हॉस्पिटल को जारी अनुज्ञा पत्र को निलम्बित कर दिया गया है।

### कलेक्टर ने समूह की महिलाओं से हर्बल गुलाल खरीदकर किया प्रोत्साहित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 6 मार्च।** बिहान समूह की महिलाओं के द्वारा कलेक्टोरेट परिसर में लगाए गए स्टॉल पर पहुंचकर कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने हर्बल गुलाल की खरीदी कर उन्हें प्रोत्साहित किया। साथ ही सभी से हर्बल गुलाल प्रयोग करने की अपील भी की। उन्होंने समूह की महिला सदस्ययों को होली की शुभकामनायें दीं। जिले के ग्राम धमनी की 'वंदनी स्व सहायता समूह' की 11 महिलाएं हर्बल गुलाल का निर्माण कर रही हैं। 'बिहान' योजना के मार्गदर्शन में समूह की दीदियां प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर शुद्ध हर्बल गुलाल तैयार कर रही हैं, जिसे बाजारों में स्टॉल लगाकर बेचा जा रहा है।

समूह की महिलाओं ने बताया कि पहले वे केवल घर के कामों तक सीमित थीं, लेकिन राज्य सरकार की मदद और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) योजना से जुड़ने के बाद उन्हें एक नई पहचान मिली है। बाजार में उनके द्वारा बनाए गए गुलाल की भारी मांग है, जिससे होने वाली आय से न केवल उनकी आजीविका सुदृढ़ हो रही है, बल्कि वे आर्थिक रूप से पूरी तरह आत्मनिर्भर भी हो रही हैं। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर निशा नेताम मड़ावी, डिप्टी कलेक्टर रजनी छड़ीमली भी मौजूद रहे।

## पीएम मोदी हमेशा शांति के पक्षधर

विश्व राजनीति में पीएम मोदी की लोकप्रियता कभी कम नहीं होती है तो इसलिए नहीं होती है कि वह मानवता व शांति के प्रबल पक्षधर रहे हैं,जिस क्षेत्र में भी दो देशों के बीच युध्द शुरू हुआ है पीएम मोदी ने हमेशा यही कहा है कि भारत हमेशा शांति का पक्षधर है, वह विश्व में मानवता का कल्याण चाहता है और इसके लिए सबसे ज्यादा जरूरी शांति को मानता है। चाहे रूस यूक्रेन युध्द हो या इजराइल-ईरान युध्द,चाहे अमरीका-ईरान युध्द भारत ने दोनों देशों से कहा है कि हर समस्या का समाधान संवाद व कूटनीति के माध्यम से हो सकता है, इसके लिए दोनों देशों के बीच निरंतर बातचीत होते रहना चाहिए।युध्द भले ही दो देशों के बीच होता हैं लेकिन उससे पूरी दुनिया प्रभावित होती है, बड़ी संख्या में लोग मारे जाते हैं, बड़ी संख्या में लोग घायल हो जाते हैं, विकलांग हो जाते हैं बड़ी संख्या में लोग दूसरे देश पलायन कर जाते हैं। कनाडा के पीएम मार्क कार्नी के साथ संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति हमारे लिए गंभीर चिंता का विषय है।भारत बातचीत व कूटनीति के माध्यम से सभी विवादों के समाधान का समर्थन करता है।इस क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर हम सभी देशों के साथ मिलकर काम करते रहेंगे।उन्होंने मध्य पूर्व के देशों के कई राष्ट्राध्यक्षों से फोन पर बात भी की है और कहा है कि मध्य पूर्व क्षेत्र में जल्द शांति व स्थिरता की बहाली जरूरी है।पीएम मोदी के पहले भारत की विदेश नीति तब की स्थिति के अनुसार थी और पीएम मोदी के आने के वर्तमान स्थिति को देखते हुए तय की गई है। इससे अब तक तो देश को फायदा ही हुआ, विश्व में भारता सम्मान बढ़ा है,विश्व में भारत का प्रभाव बढ़ा है। पीएम मोदी के एक लाइन की विदेश नीति है कि विश्व में शांति व स्थिरता ताकि मानवता का कल्याण हो। इसी तरह आर्थिक तौर पर पीएम की नीति देशहित को प्राथमिकता है। पीएम मोदी की हर नीति एकदम साफ है लेकिन कांग्रेस सहित देश के विपक्षी दलों का काम मोदी की हर बात का विरोध करना है तो वह करते रहते हैं और खुद को हास्यास्पद बनाते रहते हैं। वह सोचते हैं हम पीएम मोदी को गलत साबित कर उनका कद कम कर सकते हैं, उनकी लोकप्रियता कम कर सकते हैं लेकिन आज तक वह नहीं कर पाए हैं, हाल में ईरान के सबसे बड़े धार्मिक नेता अयातुल्लाह अली खामनेई की अमरीका व इजराइल ने संयुक्त रूप से हमले में मौत हो गई।कांग्रेस की नीति तो यही रही है कि जब भी मौका मिले मुसलमानों को खुश किया जाए। भारत में बड़ी संख्या में शिया मुसलमान रहते हैं और खामनेई शिया धर्मगुरू थे. इसलिए उनकी मौत पर भारत के कई राज्यों में शिया समुदाय ने शोक जताया और अमरीका व इजराइल की आलोचना की। कांग्रेस ने भी की और उसने पीएम मोदी की इस बात के लिए आलोचना की कि उन्होंने खामनेई की मौत पर शोक व्यक्त नहीं किया। कांग्रेस की मजबूरी हो सकती है कि कोई धार्मिक शिया नेता मारा जाए तो शोक व्यक्त करे क्योंकि उसे अपने वोट बैंक की चिंता रहती है और आजादी के बाद से उसकी नीति ही यही रहीं कि मुसलमान वोट बैक को हर तरह से खुश रखा जाए,इसके लिए उसने कहा था देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है, यही वजह है कि जब पाकिस्तान देश में आतंकवादी हमला करता था तो कांग्रेस सरकार इस डर से पाकिस्तान के खिलाफ कोई जवाबी कार्रवाई नहीं करती थी कि देश के मुसलमान नाराज हो जाएंगे। पीएम मोदी की नीति कांग्रेस से अलग है,वह मुसलमानों को भी देश की आबादी का हिस्सा मानते हैं,जैसा सबको सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता है वैसा ही मुसलमानों को भी मिलता है।ऐसा कभी और कहीं नहीं हुआ कि मुसलमान होने के कारण किसी योजना का लाभ किसी को न मिला हो। पीएम मोदी मुसलमानों को वोट बैंक नहीं समझते है यही वजह है कि वह वैसा व्यवहार करना उचित नहीं समझते हैं जैसा कांग्रेस करती है। पीएम मोदी ने अयातुल्ला अली खामनेई के मारे जाने पर इसलिए भी शोक व्यक्त नहीं किया कि वह ईरान के सबसे बड़े धार्मिक नेता जरूर थे लेकिन वह किसी संवैधानिक पद पर नहीं थे। किसी देश की सरकार की तरफ से किसी देश के पीएम, राष्ट्रपति की मौत पर शोक व्यक्त किया जाता है क्योंकि वह संवैधानिक पद पर होता है, कुछ माह पहले ईरान के राष्ट्रपति की मौत पर भारत की तरफ से उनके अंतिम संस्कार मे यहां से बड़ा प्रतिनिधिमंडल भेजा गया था,चूंकि खामनेई किसी संवैधानिक पद पर नहीं थे इसलिए उनकी मौत पर जरूरी नहीं था कि सरकार या पीएम मोदी शोक व्यक्त करते। खामनेई की मौत पर पीएम मोदी ने शोक व्यक्त न कर कोई गलती नहीं की है। जो ठीक है वही किया है लेकिन कांग्रेस की आदत है कि पीएम मोदी कुछ भी करेंगे तो उसे तो बताना है देश को कि देखो यह पीएम मोदी ने ठीक नहीं किया है।

गंभीर समस्या

# बंद होते हवाई अड्डे: हवा हवाई होती हवाई चप्पल वालों की हवाई यात्रा

निर्मल रानी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2019 में सूरत में पहली बार कहा था कि सरकार का लक्ष्य है कि 'हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई यात्रा करे'। मोदी ने अक्टूबर 2025 में नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट उद्घाटन पर भी यही दोहराया कि 2014 से उनका सपना था कि 'हवाई चप्पल वाला भी हवाई सफ़र करे'। बेशक प्रधानमंत्री का यह वक्तव्य ग़रीबों को हवाई यात्रा मुहैया कराने की सोच को दर्शाता है।इसी मक़सद से "उड़ान" योजना की शुरुआत की गयी थी।'UDAN अर्थात उड़े देश का आम नागरिक। इस योजना का उद्देश्य छोटे शहरों, टियर-2 और टियर-3 इलाक़ों को हवाई संपर्क से जोड़ना और हवाई यात्रा को सस्ता बनाना था। आंकड़ों के मुताबिक़ 2014 में भारत में लगभग 74 सक्रिय हवाई अड्डे थे जिनकी संख्या 2026 के प्रारंभ तक बढ़कर 160-162 तक हो गयी। इनमें से 'उड़ान योजना' के अंतर्गत एयरपोर्ट, हेलीपोर्ट और वॉटर एयरोड्रोम सहित 93 हवाई अड्डे या तो नए विकसित किये गये या फिर उन्हें पुनर्जीवित किया गया। इनमें से अधिकांश नए या अपग्रेडेड हवाई अड्डे देश के अनेक छोटे शहरों में हैं। गोया कुल मिलाकर गत 10-12 वर्षों में 90 से अधिक नए अथवा सक्रिय हवाई अड्डे जोड़े गए हैं। बताया जा रहा है कि सरकार का लक्ष्य 2047 तक देश भर में 400 से अधिक हवाई अड्डे बनाना है ताकि हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई यात्रा कर सके अर्थात ग़रीबों का सस्ती हवाई यात्रा का सपना साकार किया जा सके। परंतु पिछले दिनों देश के केवल एक ही राज्य उत्तर प्रदेश से प्राप्त ख़बरों के अनुसार 2021 के बाद 'उड़ान योजना' के अंतर्गत शुरू किये गये 7 नए हवाई अड्डों में से 6 पर नियमित कामर्शियल उड़ानें बंद हो चुकी हैं। धार्मिक पर्यटन के चलते इस समय केवल अयोध्या स्थित महर्षि बाल्मीकि अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा ही सक्रिय है। हालाँकि अयोध्या का यह हवाई अड्डा भी आधिकारिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा तो ज़रूर घोषित किया गया है परन्तु ' अंतर्राष्ट्रीय ' शब्द केवल नाम तक ही सीमित है। वास्तव में अयोध्या का यह महर्षि बाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा वर्तमान में केवल भारत के भीतर सीमित घरेलू उड़ानें ही संचालित करता है और अभी तक किसी दूसरे देश के लिए यहाँ से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें शुरू नहीं हुई हैं। अलबत्ता यहाँ से संचालित कुछ स्वदेशी मार्गों जैसे कोलकाता, पटना आदि की उड़ानें भी अस्थायी रूप से बंद ज़रूर हो चुकी हैं। केवल उत्तर प्रदेश देश में जिन हवाई अड्डों से उड़ानों का संचालन फ़िलहाल बंद हो चुका है उनमें कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट,आज़मगढ़ एयरपोर्ट,चित्रकूट एयरपोर्ट,श्रावस्ती एयरपोर्ट,मुरादाबाद एयरपोर्ट तथा अलीगढ़ एयरपोर्ट के नाम उल्लेखनीय हैं। इसी तरह पंजाब में पठानकोट व लुधियाना, सिक्किम में पेक्यांग,गुजरात के भावनगर,छत्तीसगढ़ का अंबिकापुर,ओड़ीसा का राउरकेला,मध्य प्रदेश का दतिया,कर्नाटक का कलबुर्गी व हिमाचल के शिमला के हवाई अड्डों के बंद होने की ख़बरें हैं। सैकड़ों करोड़ की लागत से बनाये गये यह हवाई अड्डे कहीं कम पैसेंजर




ट्रैफ़िक के कारण अर्थात यात्रियों की कमी के चलते बंद करने पड़े तो कहीं ख़राब दृश्यता , इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम की कमी या एयरलाइंस कंपनियों की संचालन में रुचि न होने के कारण बंद करने पड़े। कहीं पास के बड़े हवाई अड्डों के कारण यात्री न मिलने की वजह से बंद कर दिये गए तो कुछ तकनीकी व इंफ्रास्ट्रक्चर समस्याओं जैसे छोटे एयरपोर्ट पर हैंगर, फ़्यूल , स्टाफ़ की कमी के कारण भी बंद हुये। एक अनुमान के अनुसार UDAN के अंतर्गत बिना किसी उड़ान के ही इन 15 नॉन-ऑपरेशनल एयरपोर्ट्स के रखरखाव और सिक्योरिटी पर पिछले 8 वर्षों में लगभग 878-900 करोड़ रूपये ख़र्च किये जा चुके हुए हैं जबकि कुल UDAN एयरपोर्ट्स के विकास पर 4,600 करोड़ से भी अधिक ख़र्च होने का अनुमान है। परन्तु सरकार को इससे कोई लाभ नहीं हुआ। इसी तरह एयर पोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इण्डिया AAI के 81 एयरपोर्ट्स पर पिछले 10 वर्षों में 10,853 करोड़ के कुल घाटे का अनुमान है। कहना ग़लत नहीं होगा कि इससे योजना की सफलता पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। ऐसे में यह सवाल उठना लाज़िमी है कि क्या बंद होने वाले हवाई अड्डों या घाटे में चलने वाले हवाई अड्डों को शुरू करते समय या इनकी योजना बनाते वक़्त क्या इस बात का सही आंकलन नहीं किया गया कि यह हवाई अड्डे भविष्य में सुचारु रूप से संचालित हो सकेंगे या नहीं ? क्या वजह है कि कल की यह लोकलुभावन योजनायें आज मात्र 'सफ़ेद हाथी ' बनकर रह गयी हैं ? एक सवाल यह भी है कि 'हवाई चप्पल वाले हवाई यात्रा करें' जैसी लोकलुभावन बातें कर इस तरह की योजनायें केवल चुनावी लाभ लेने के कारण बनाई गयी थीं ? साथ ही एक सवाल यह भी कि जिस देश में रेल व बस जैसी सार्वजनिक परिवहन व्यवस्थाओं में सुधार की भारी ज़रूरत हो,जहां अभी तक ट्रेन में यात्रियों को समय पर आरक्षित सीटें उपलब्ध न हो पाती हों,हद तो यह है कि अनेक दूरगामी ट्रेन्स में पैर रखने,खड़े होने यहाँ तक कि यात्रियों के डिब्बों में घुस पाने तक की जगह न मिल पाती हो,जहां आज भी यात्री ट्रेन्स में लटककर और अपनी जान को ज़ोखिम में डालकर यात्रा करने को मजबूर हों वहां इस तरह की शर्मसार कर देने वाली सार्वजनिक परिवहन व्यवस्थाओं में सुधार करने व इन्हें व्यवस्थित करने के बजाये ऐसे नये हवाई अड्डे बनाना जोकि शीघ्र ही बंद भी करने पड़ जायें,क्या ऐसा क़दम जनता के पैसों की बर्बादी नहीं है ? इन सबके अतिरिक्त यह भी माना जा रहा है कि बिना ज़रुरत के नये हवाई अड्डे शुरू करने के पीछे का एक मक़सद इनके संचालन से सत्ता के नज़दीकी समझे जाने वाले उद्योगपतियों व कार्पोरेट्स को आर्थिक लाभ पहुंचाना भी है। बहरहाल देश में लगातार बंद होते जा रहे नव सांचालित हवाई अड्डे इस निष्कर्ष पर तो पहुँचने के लिये काफ़ी हैं कि हवाई चप्पल वालों को हवाई यात्रा करने का जो 'लोकलुभावन ढिंढोरा पीटा जा रहा था वह फ़िलहाल हवा हवाई साबित होता जा रहा है।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। बहुत दिनों से पेंडिंग परीक्षा का परिणाम आ सकता है। आज के दिन योजनाबद्ध और एकाग्र चित्त होकर किया गया कार्य सफल अवश्य होगा। इस राशि के जातको को धर्मिक यात्रा करने के योग भी बन रहे हैं। आज अपने व्यस्त समय से कुछ समय सामजिक सेवार्थ आदि गतिविधियों के लिए निकालेंगे, इससे आपको मानसिक शांति मिलेगी।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको किसी विशेष धार्मिक आयोजन में जाने का मौका मिलेगा यहां नया सीखने को मिलेगा। आज खर्चों की अधिकता रहेगी, लेकिन साथ ही आय के साधन बढने से परेशानी नहीं होगी। आज अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए नई योजना बनायेंगे। आज अपनी व्यक्तिगत चीजों को किसी से भी शेयर ना करें।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपकी सूझबूझ और विवेक से समस्याएं आसानी से हल हो जाएंगी। महिलाओं का आज ऑनलाइन शॉपिंग में समय बीतेगा। आज आपको किसी रिश्तेदार के घर जाने का निमंत्रण मिल सकता है। आज अन्य गतिविधियों में व्यस्तता की वजह से आपका खुद का कोई महत्वपूर्ण काम अधूरा रह सकता है अतः अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखना भी जरुरी है।

कर्क राशि- आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज किसी महत्वपूर्ण पारिवारिक मुद्दे पर सलाह-मशवरा होगा और इसके सकारात्मक नतीजे सामने आएंगे। आज मनोरंजन संबंधी गतिविधियों में भी समय बीतेगा। व्यवसायिक व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में आपका योगदान जरूरी है। आज कोई बाहरी व्यक्ति आपके कार्यक्षेत्र की व्यवस्था में कुछ विघ्न डाल सकता है। आज कर्मचारियों का उत्साह बढ़ाने से उनकी कार्य क्षमता बेहतर होगी।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। प्रॉपर्टी के सेल परचेज संबंधी कार्यवाही चल रही है, तो निश्चित आज सफलता मिलेगी। आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अपने आपको स्वास्थ्य बेहतर महसूस करेंगे। नेगेटिव थिंकिंग से बचें। बिजनेस के सिलसिले में यात्रा करना पड़ सकता है। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। आज सरकारी नौकरी वाले ऑफिस में जिम्मेदरियों पर गंभीरता से ध्यान दें।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी खास व्यक्ति के मार्गदर्शन में किये गये कार्य अवश्य सफल होंगे। बड़े भाई से किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी विचार-विमर्श होगा। आज किसी धार्मिक संस्था में सेवा संबंधी कार्यो श्रमदान करेंगे। आज किसी भी कार्य को अधूरा छोडने की लापरवाही ना करें। पैतृक जमीन-जायदाद संबंधी मामले में आज आपको सफलता मिलेगी।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आपका स्वाभिमान तथा आत्मविश्वास हर परिस्थिति में मेहनत करने की क्षमता बढ़ाएगा और आपके रुके हुए काम कम प्रयास से भी बन जाएंगे। आज बेकार की गतिविधियों में समय बिताना आपके महत्वपूर्ण कार्य में रुकावट डाल सकता है। विद्यार्थी परीक्षा के तैयारिओं को और बेहतर करने का प्रयास करेंगे।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपका कर्म प्रधान बनेगा और आप अपनी ऊर्जा का भरपूर इस्तेमाल करेंगे। आपको अपनी मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम भी मिलेंगे। भूमि अथवा वाहन से संबंधित अधूरा कार्य आज पूरा हो सकता है। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर ज्यादा फोकस रहने की जरूरत है। इस राशि के दुकानदारों को ऑनलाइन मोबाइल से बड़ा ऑर्डर मिलने की उम्मीद है इसलिए अपने संपर्क सूत्रों को और अधिक मजबूत करने में ध्यान लगाएंगे।

धनु राशि- आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। धार्मिक अथवा आध्यात्मिक गतिविधियों में आपका रुझान बढ़ेगा। आपके अपने व्यक्तिगत काम भी पारिवारिक सदस्यों की मदद से पूरे हो जाएंगे। आपके दादा दादी आपके कार्यकुशलता और व्यवहार को देखते हुए नयी जिम्मीदारिया देंगे। आज किसी भी अपरिचित व्यक्ति से अपनी व्यक्तिगत योजनाएं शेयर ना करें और ना ही किसी तरह की बहस में उलझे।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। इस राशि के रिसर्च स्कालर्स को आज नयी उपलब्धियां हासिल करने के शुभ योग है। किसी भी कार्य को करने से पहले उसकी रूपरेखा तैयार करने से सफलता अवश्य मिलेगी। आज दूसरों की व्यक्तिगत बातों पर ध्यान ना देकर अपने काम के प्रति एकाग्र रहेग और यह समय भी अपने कार्यो के प्रति फोकस रहने का है। आज आप कुछ समय अध्यात्म और ध्यान आदि में जरूर बिताएंगे।

कुम्भ राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज विदेश जाने के लिए प्रयासरत लोगों को कोई अच्छी खबर मिलने की संभावना है। अपनी बौद्धिक क्षमता तथा व्यवहार कुशलता अपने कार्यक्षेत्र में नया मुकाम बनायेंगे। करियर सम्बन्धी शुभ समाचार मिलने के योग है। आज दूसरों के मामले में हस्तक्षेप करने से बचें।

मीन राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। राजकीय कामकाज में आर ही बाधाएं आज समाप्त हो जाएंगी। पहले की अपेक्षा आज दौड़-धूप की अधिकता रहेगी परंतु सफलता मिलने से खुशी भी मिलेगी। आज आपका रुका हुआ पैसा वापस मिलेगा। आर्थिक संरक्षण के मामले में किसी भी पर भरोसा ना करें। व्यवसायिकवृद्धि होने के योग है साथ व्यवस्था बेहतर होगी तथा कर्मचारियों का भी भरपूर सहयोग बना रहेगा।

### सू- दोकू क्र.334

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.333 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

### शब्द सामर्थ्य -334

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सवेरा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | ■ | 3 | | |
| | ■ | | ■ | 4 | 5 | | ■ | ■ |
| 6 | 7 | | 8 | ■ | | ■ | ■ | 9 |
| ■ | 10 | | | ■ | 11 | 12 | 13 | |
| ■ | 14 | | ■ | 15 | | | | |
| 16 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| 17 | | | 18 | | ■ | 19 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 20 | ■ | ■ | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 333 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

विश्व अनाज दिवस

# अन्न से आत्मनिर्भरता तक: विश्व अनाज दिवस का संदेश

सुनील कुमार महला



अनाजों के महत्व, पोषण और खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 7 मार्च को विश्व अनाज दिवस (वर्ल्ड सीरियल डे) मनाया जाता है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि 'सीरियल' शब्द की उत्पत्ति प्राचीन रोमन देवी सेरेस के नाम से हुई है। दरअसल, रोमन पौराणिक कथाओं में सेरेस को खेती, फसल और मातृत्व की देवी माना जाता था और उन्हीं के सम्मान में अनाज को 'सीरियल' कहा जाने लगा। वैसे, गेहूं, चावल, मक्का, जौ और जई जैसे खाद्यान्न सीरियल्स की श्रेणी में आते हैं।

'विश्व अनाज दिवस' वस्तुतः खाद्य सुरक्षा की नींव को रेखांकित करता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि गेहूं, चावल, मक्का, जौ और बाजरा जैसे अनाज केवल भोजन नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के आधार स्तंभ हैं। उल्लेखनीय है कि आज विश्व की आधी से अधिक आबादी की दैनिक ऊर्जा आवश्यकताएँ मुख्यतः तीन अनाजों-गेहूं, चावल और मक्का से ही पूरी होती हैं। यदि अनाज न हों, तो वैश्विक खाद्य सुरक्षा की कल्पना भी संभव नहीं। आज जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, जनसंख्या वृद्धि और भूख जैसी चुनौतियों का लगातार सामना कर रही है, तब अनाजों का महत्व और बढ़ जाता है। आज तापमान में वृद्धि, अनियमित वर्षा और सूखा जैसी परिस्थितियाँ विशेषकर गेहूं और चावल की पैदावार को प्रभावित कर रही हैं। ऐसे में टिकाऊ कृषि पद्धतियाँ अपनाना समय की आवश्यकता है। भारत के संदर्भ में देखें तो हमारा देश विश्व के प्रमुख गेहूं और चावल उत्पादक देशों में शामिल है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से करोड़ों लोगों तक सस्ती दरों पर अनाज पहुँचाया जाता है। हाल के वर्षों में मोटे अनाज-जैसे बाजरा, ज्वार और रागी आदि को पुनः प्रोत्साहित किया जा रहा है, क्योंकि ये पोषक तत्वों से भरपूर होने के साथ-साथ कम पानी में भी उगाए जा सकते हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भारत की पहल पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2023 को 'अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष' घोषित किया, जिससे वैश्विक स्तर पर मोटे अनाजों के महत्व को नई पहचान मिली।

'विश्व अनाज दिवस' का उद्देश्य केवल उत्पादन बढ़ाना नहीं, बल्कि अनाजों के पोषण मूल्य, खाद्य अपव्यय रोकने, संतुलित आहार अपनाने और किसानों के परिश्रम के सम्मान के प्रति जागरूकता फैलाना भी है। वास्तव में यह दिवस कुपोषण और भूख की समस्या को कम करने, टिकाऊ कृषि (सस्टेनेबल एग्रीकल्चर) को बढ़ावा देने तथा खाद्य सुरक्षा में किसानों की भूमिका को रेखांकित करता है।

इतिहास की दृष्टि से 'जौ' को दुनिया के सबसे प्राचीन खेती किए गए अनाजों में से एक माना जाता है, जिसके प्रमाण लगभग 10,000 वर्ष पुराने मिलते हैं। इतिहासकारों का मत है कि मिस्र, मेसोपोटामिया और सिंधु घाटी जैसी प्राचीन सभ्यताओं का विकास कृषि, विशेष रूप से अनाज उत्पादन, के कारण ही संभव हुआ।

आज बाजरा, ज्वार और रागी जैसे मोटे अनाजों को 'फ्यूचर फूड' कहा जा रहा है। ये प्रायः ग्लूटेन-रहित होते हैं और आयरन व कैल्शियम जैसे पोषक तत्वों से समृद्ध होते हैं। पर्यावरणीय दृष्टि से भी कुछ अनाज अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। उदाहरण के लिए, 'पेरेनियल ग्रेन्स' (बारहमासी अनाज) ऐसी फसलें हैं जिन्हें हर वर्ष दोबारा बोने की आवश्यकता नहीं पड़ती। इनकी गहरी जड़ें मिट्टी के कटाव को रोकती हैं और कार्बन अवशोषण में सहायक होती हैं।

पाठक जानते होंगे कि मक्का विश्व में सर्वाधिक उगाई जाने वाली फसल है, किंतु इसका बड़ा हिस्सा प्रत्यक्ष भोजन के बजाय एथेनॉल (ईंधन) और पशु आहार के रूप में प्रयुक्त होता है। यह भी उल्लेखनीय है कि विश्व में उत्पादित अनाज का बड़ा भाग भंडारण और परिवहन के दौरान नष्ट हो जाता है। यदि इस अपव्यय को रोका जाए तो करोड़ों लोगों की भूख मिटाई जा सकती है। 19वीं सदी के अंत में डॉ. जॉन हार्वे केलॉग ने कॉर्नफ्लेक्स जैसे ब्रेकफास्ट सीरियल का आविष्कार किया था। उनका उद्देश्य इसे सादा और स्वास्थ्यवर्धक भोजन के रूप में प्रस्तुत करना था, ताकि लोग अत्यधिक मसालेदार और गरिष्ठ भोजन से बच सकें। अनाज ऊर्जा, फाइबर, विटामिन और खनिजों का महत्वपूर्ण स्रोत हैं। विश्व की बड़ी आबादी का मुख्य भोजन अनाज ही है, जिनमें गेहूं और चावल का उपभोग सर्वाधिक होता है। जलवायु परिवर्तन का अनाज उत्पादन पर सीधा प्रभाव पड़ रहा है, जिससे खाद्य सुरक्षा की चुनौतियाँ और गंभीर हो सकती हैं।

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि 'विश्व खाद्य दिवस' प्रतिवर्ष 16 अक्टूबर को मनाया जाता है। यह दिवस 16 अक्टूबर 1945 को स्थापित खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) की स्थापना की स्मृति में मनाया जाता है, जो संयुक्त राष्ट्र की एक विशेषीकृत एजेंसी है। भोजन का अधिकार 1948 की सार्वभौमिक मानवाधिकार घोषणा-पत्र द्वारा मान्यता प्राप्त है। वर्ष 2025 में विश्व खाद्य दिवस की थीम थी-'बेहतर भोजन और बेहतर भविष्य साथ-साथ।' भारत में अन्न उत्पादन की स्थिति सुदृढ़ हुई है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले दशक में देश का अन्न उत्पादन लगभग 90 मिलियन मीट्रिक टन बढ़ा है। इतना ही नहीं, फल और सब्ज़ियों का उत्पादन भी 64 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक बढ़ा है। भारत दूध और बाजरा (मिलेट्स) के उत्पादन में विश्व में प्रथम स्थान पर है, जबकि मछली, फल और सब्ज़ियों के उत्पादन में दूसरा स्थान रखता है। वर्ष 2014 के बाद से शहद और अंडे का उत्पादन दोगुना हो चुका है। भारत सरकार की प्रमुख पहलों में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013; प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना; पीएम पोषण योजना; अंत्योदय अन्न योजना; राइस फोर्टिफिकेशन तथा प्राइस स्टेबिलाइज़ेशन फंड (पीएसएफ) शामिल हैं, जो खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करती हैं। इसी क्रम में 'विश्व दलहन दिवस' (वर्ल्ड पल्सेस डे) प्रतिवर्ष 10 फरवरी को मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2016 को 'अंतरराष्ट्रीय दलहन वर्ष' घोषित किया था। दालें न केवल पोषण का केंद्र हैं, बल्कि 'क्लाइमेट-स्मार्ट' फसलें भी मानी जाती हैं, क्योंकि इनमें नाइट्रोजन फिक्सेशन की क्षमता होती है। इनके पौधों की जड़ों में उपस्थित बैक्टीरिया वायुमंडलीय नाइट्रोजन को अवशोषित कर मिट्टी की उर्वरता बढ़ाते हैं, जिससे कृत्रिम उर्वरकों पर निर्भरता कम होती है। पर्यावरणीय दृष्टि से दालों का जल पदचिह्न(वाटर फुटप्रिंट) अत्यंत कम है।एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार जहाँ एक किलोग्राम बीफ उत्पादन में लगभग 15,000 लीटर पानी की आवश्यकता होती है, वहीं उतनी ही मात्रा में दाल उगाने के लिए केवल 50 से 200 लीटर पानी पर्याप्त होता है। पोषण के स्तर पर दालें प्रोटीन का सस्ता और प्रभावी स्रोत हैं। इनमें अनाज की तुलना में दो से तीन गुना अधिक प्रोटीन तथा आयरन, जिंक और फाइबर प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। शून्य कोलेस्ट्रॉल और कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स के कारण ये हृदय रोग और मधुमेह प्रबंधन में सहायक हैं।

वैश्विक परिदृश्य में भारत की भूमिका विशिष्ट है। भारत विश्व की लगभग 25% दालों का उत्पादक और 27% उपभोक्ता है। वर्ष 2026 के हालिया आँकड़ों के अनुसार, भारत चना और मूंग जैसी प्रमुख दालों में आत्मनिर्भरता की दिशा में तेज़ी से अग्रसर है। कभी 'गरीबों का प्रोटीन' कही जाने वाली दालें आज 'भविष्य का भोजन' मानी जा रही हैं। अंततः, विश्व अनाज दिवस हमें यह संदेश देता है कि अनाज केवल भोजन नहीं, बल्कि मानव सभ्यता, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण संतुलन की आधारशिला हैं। जलवायु परिवर्तन और बढ़ती जनसंख्या के दौर में इनका संरक्षण, टिकाऊ उत्पादन और खाद्य अपव्यय पर नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। आइए, हर दाने का सम्मान करें और सुरक्षित, पोषित एवं समृद्ध भविष्य के निर्माण का संकल्प लें।

## एक नजर

### प्रतिपूर्ति राशि के लिए निजी स्कूल संचालकों ने सौंपा ज्ञापन

**जगदलपुर 6 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गत 13 वर्षों से शिक्षा के अधिकार कानून के तहत स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निजी स्कूलों को दी जाने वाली प्रतिपूर्ति राशि नहीं बढ़ने को लेकर माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका दायर की गई थी. माननीय उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में 6 महीने के भीतर मांगों पर निर्णय लेने को कहा था. शिक्षा के अधिकार कानून के तहत स्कूलों को प्रति छात्र प्रतिपूर्ति राशि प्राथमिक कक्षा में 7000 से बढाकर 18000 माध्यमिक कक्षा में 11500 से बढाकर 22000 तथा हाई स्कूल हायर सेकेंडरी स्कूल में 15000 को बढाकर 25000 तक किया जाने का मांग छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन की ओर से की गई है. इसी तारतम्य में निजी स्कूल प्रबंधकीय संगठन बस्तर जिला, आज जिला शिक्षा अधिकारी, संयुक्त संचालक शिक्षा तथा कलेक्टर महोदय को अपना ज्ञापन सौपे. जिसमें असहयोग आंदोलन का जानकारी दी गई है। निजी स्कूल प्रबंधकीय संगठन के सचिव नीलोत्पल दत्ता ने जानकारी दी है कि असहयोग आंदोलन में स्कूल शिक्षा विभाग,जिला शिक्षा अधिकारी, नोडल प्राचार्य के किसी भी कार्य में प्रदेश के निजी स्कूल सहयोग नहीं करेंगे ना ही उनके किसी पत्र नोटिस आदेश का जवाब देंगे.यह आंदोलन प्रतिपूर्ति राशि बढ़ाने तक जारी रहेगी।

### राजकीय बजट 2026-27 विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में ऐतिहासिक और दूरदर्शी: शिव नारायण पांडेय

**गीदम 6 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाजपा जिला कार्यालय दंतेवाड़ा में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए भाजपा संगठन प्रभारी शिव नारायण पांडेय ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत राजकीय बजट 2026-27 सर्वसमावेशी, विकासोन्मुखी और जनआकांक्षाओं को पूर्ण करने वाला बजट है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के विजन के अनुरूप तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि यह हमारी सरकार का तीसरा बजट है, जिसमें ज्ञान, गति और गरीब कल्याण की त्रिवेणी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। बजट में समावेशी विकास, अधोसंरचना, निवेश, कुशल मानव संसाधन, आजीविका और पारदर्शिता जैसे विषयों को प्रमुखता दी गई है। श्री पांडेय ने बताया कि सरकार ने मिशन मोड में कार्य करने हेतु पांच महत्वपूर्ण मिशन मुख्यमंत्री अधोसंरचना मिशन, मुख्यमंत्री उद्यमिता मिशन, मुख्यमंत्री पर्यटन विकास मिशन, मुख्यमंत्री खेल एवं युवा मिशन सहित अन्य विकासोन्मुखी पहल की घोषणा की है, जो प्रदेश को नई दिशा और नई गति देंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में 13.5 प्रतिशत बजट प्रावधान कर सरकार ने अपनी प्राथमिकता स्पष्ट कर दी है। बस्तर और अंबिकापुर को एजुकेशन सिटी के रूप में विकसित करने की पहल ऐतिहासिक कदम है। 23 नवीन औद्योगिक पार्कों की स्थापना हेतु 250 करोड़ रुपये का प्रावधान, मुख्यमंत्री आदर्श शहर समृद्धि योजना के लिए 200 करोड़ रुपये तथा भूमि विकास बैंक के लिए 200 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रदेश में औद्योगिक और शहरी विकास को गति देगा।

# स्कूलों में अखबार पढ़ने के लिए शिक्षामंत्री ने अनुशंसा की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 6 मार्च।** 19 जनवरी 2026 को प्रदेश भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के सह संयोजक मनीष पारख ने शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव को एक पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ के सभी सरकारी व निजी स्कूलों में कक्षा 6 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए नियमित रूप से समाचार पत्र पढ़ने की व्यवस्था लागू करने की मांग की थी। मनीष पारख के पत्र पर प्रदेश के शिक्षा मंत्री ने कार्यवाही करते हुए शालाओं में समाचार पत्रों के वाचन कार्य को क्रियान्वित करने हेतु वित्त मंत्रालय से पृथक से बजट का प्रावधान किये जाने की अनुशंसा की है।



कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन गजेंद्र यादव के अनुशंसा करने पर मनीष पारख ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि आज के डिजिटल तकनीक के दौर में हमारे बच्चे और युवाओं की ऊंगलियां किताबों के पन्नें कम पलटने की बजाय मोबाईल फोन और लैपटॉप पर ज्यादा चलने लगी हैं और यह वास्तव में चिंता का विषय भी है। इसलिए प्रदेश में न केवल सरकारी बल्कि निजी स्कूलों में भी कक्षा 6 से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए प्रतिदिन उनकी नियमित कक्षाओं की शुरूआत से पहले सुबह की प्रार्थना सभा के उपरांत 15 से 20 मिनट की समाचार पत्र पढ़ने की एक पृथक कक्षा की व्यवस्था लागू की जानी चाहिए। और स्कूल चाहे हिन्दी माध्यम हो या फिर अंग्रेजी माध्यम, समाचार पत्र पढ़ने की कक्षा में कम से कम देश के 4 से 5 बड़े राष्ट्रीय व स्थानीय अखबारों की नियमित व साप्ताहिक हिन्दी व अंग्रेजी भाषा की प्रतियां विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य रूप से उपलब्ध होनी चाहिए। ताकि विद्यार्थियों को दोनों भाषाओं में समझ विकसित करने का अवसर मिले।

भाजपा नेता मनीष पारख ने आगे कहा कि इस पहल से भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर ढंग से उन्हें तैयार करने के अलावा उनमें पढ़ने की संस्कृति फिर से छात्र-छात्राओं की आदत में शुमार हो जाएगा और मोबाईल या लैपटॉप की स्क्रीन पर जरूरत से ज्यादा समय बिताने की उनकी प्रवृत्ति भी धीरे-धीरे कम हो जाएगी। इसका उद्देश्य मात्र अखबार पढने की रूचि और आदत विकसित करना नहीं बल्कि विद्यार्थियों को देश-दुनिया की घटनाओं, सामाजिक गतिविधियों और समसामयिक विषयों की जानकारियों से उन्हें अवगत कराना है।

भाजपा नेता पारख ने आगे कहा कि इस डिजिटल युग के दौर में इंटरनेट की व्यापक उपलब्धता से जहॉं हमारे बच्चों की रूचि इंटरनेट में बढ़ रही है परंतु इससे समाचार पत्रों का अस्तित्व भी खतरे में है। इंटरनेट की चकाचौंध में लोग, हॉकर के माध्यम से सुबह आसानी से घर पर उपलब्ध होने वाले प्रिन्ट समाचार पत्र मंगवाने की जगह मोबाईल पर ही ई-समाचार पत्र पढ़ने लगे हैं। जिससे प्रिन्ट मीडिया से जुड़े हजारों-लाखों लोग जिनका रोजगार इससे जुड़ा हुआ है उनका भविष्य भी खतरे में है। यदि हमारी युवा पीढ़ि में समाचार पत्र पढ़ने की जागरूकता बढ़ेगी तो इससे समाचार पत्रों के अस्तित्व पर मंडराते हुए खतरे को इस डिजिटल युग में समाप्त किया जा सकता है।

भाजपा नेता मनीष पारख का विचार है कि, समाचार पत्र पढ़ना एक सकारात्मक रूचि है जिसे छात्र-छात्राओं में कम उम्र में ही विकसति किया जाना चाहिए। यह शिक्षाप्रद, ज्ञानवर्धक और गुणवत्तापूर्ण समय बिताने का एक रोचक माध्यम है। पत्र पर कार्यवाही करने के लिए उन्होंने प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव का आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया हैं।

### एनएमडीसी टाउनशिप का निस्तार जल बह रहा नालों में

# नाले के गंदे पानी उपयोग कई गांवों के लोग अपने घरेलू कामों में कर रहे





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली 6 मार्च।** लौहनगरी बचेली में स्थित राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) टाउनशिप से निकलने वाला बाथरूम व घरेलू निस्तार का पानी, जिसमें सीवर का पानी भी मिश्रित बताया जा रहा है, सीमेंटेड नालियों के माध्यम से सीधे बचेली सिंम्प्लेक्स नाले में मिलाया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि यही पानी आगे पुराना मार्केट के नाले में भी प्रवाहित हो रहा है, जहां पहले से ही खदान क्षेत्र के कारण पानी का रंग लाल हो चुका है।

ग्रामीणों के अनुसार, यह दूषित पानी आगे नेरली, बड़े बचेली सहित कई गांवों तक पहुंचता है और दैनिक उपयोग में लाया जाता है। कई परिवार इसी नाले के पानी का उपयोग कपड़े धोने, नहाने और अन्य घरेलू कार्यों के लिए करते हैं। इतना ही नहीं, मवेशी – गाय, बैल और बकरियां – भी इसी पानी को पीने के लिए मजबूर हैं, जिससे उनके बीमार पड़ने की आशंका बनी हुई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि टाउनशिप क्षेत्र में अस्पताल सुविधा भी संचालित है, जिसमें एनएमडीसी अपोलो हॉस्पिटल शामिल है। ऐसे में अस्पताल और टाउनशिप से निकलने वाले निस्तार जल के उचित शोधन (ट्रीटमेंट) की व्यवस्था अनिवार्य होनी चाहिए। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि जब एनएमडीसी देश की एक बड़ी खनन कंपनी है और करोड़ों-अरबों का मुनाफा अर्जित करती है, तो क्या एक आधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित करना संभव नहीं है?

पर्यावरण जानकारों के अनुसार, बिना शोधन के सीवर व घरेलू अपशिष्ट जल को खुले नालों में छोड़ना जल स्रोतों को गंभीर रूप से प्रदूषित कर सकता है। इससे जलजनित बीमारियों जैसे डायरिया, त्वचा रोग और अन्य संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ जाता है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की जांच कराई जाए और तत्काल प्रभाव से फिल्टर प्लांट या सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना की जाए, ताकि नालों में मिल रहा गंदा पानी शुद्ध होकर ही आगे प्रवाहित हो। साथ ही, प्रभावित गांवों के लिए वैकल्पिक स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। अब देखना यह है कि जिम्मेदार विभाग इस गंभीर समस्या पर कितनी शीघ्रता से संज्ञान लेते हैं और ग्रामीणों को राहत प्रदान करते हैं।

## बचेली में होली का त्यौहार शांति से मनाया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली 6 मार्च।** लौहनगरी बचेली में इस वर्ष होली का पर्व पूरी तरह शांति, सौहार्द और उल्लास के साथ संपन्न हुआ रंगों के इस पावन पर्व पर सुबह से ही लोगों में उत्साह देखने को मिला। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाइयाँ दीं और आपसी भाईचारे का परिचय दिया। पूरे क्षेत्र में कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली, जिससे यह स्पष्ट है कि लोगों ने समझदारी और संयम के साथ त्योहार मनाया।

क्षेत्र के सभी प्रमुख चौक-चौराहों, मोहल्लों और संवेदनशील क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरती गई। पुलिस प्रशासन की मुस्तैद मौजूदगी हर स्थान पर देखने को मिली। गश्त दल लगातार सक्रिय रहे और सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। प्रशासन की तत्परता और आम नागरिकों के सहयोग से पूरे दिन शांति व्यवस्था कायम रही।

होलिका दहन भी निर्धारित समय पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। लोगों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। दूसरे दिन धूलंडी पर रंग-गुलाल के साथ लोगों ने हंसी-खुशी त्योहार का आनंद लिया। इस वर्ष की होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश देती नजर आई। कुल मिलाकर बचेली क्षेत्र में होली का हुआ, जिसने सभी के मन में सकारात्मक ऊर्जा और खुशियों का संचार किया।

## माओवादी नेता गणपति नेपाल में गिरफ्तार, बस्तर में 15 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**जगदलपुर, 6 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** माओवादी संगठन के वरिष्ठ नेता और पोलित ब्यूरो सदस्य गणपति को नेपाल में गिरफ्तार किए जाने की खबर सामने आई है। गणपति को माओवादी संगठन का प्रमुख रणनीतिकार और ब्रेन माना जाता रहा है। वर्ष 2004 से 2018 तक वे सेंट्रल कमेटी के महासचिव पद पर रहे। बताया जाता है कि बढ़ती उम्र और स्वास्थ्य संबंधी कारणों के चलते गणपति ने वर्ष 2018 में महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद संगठन की कमान नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू को सौंपी गई थी। गणपति करीब चार दशक तक अंडरग्राउंड रहकर माओवादी गतिविधियों का संचालन करते रहे। संगठन के भीतर उन्हें वैचारिक और रणनीतिक रूप से बेहद प्रभावशाली नेता माना जाता रहा है।इधर बस्तर क्षेत्र से



भी बड़ी खबर सामने आई है। जानकारी के मुताबिक पूर्वी बस्तर डिवीजन कमेटी के 15 नक्सली आत्मसमर्पण करने की तैयारी में हैं। बताया जा रहा है कि ये सभी डीवीसीएम स्तर के सदस्य हैं और अपने साथ हथियार लेकर पहुंचे हैं। सूत्रों के अनुसार आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को एक-दो दिन के भीतर पुलिस मीडिया के सामने पेश कर सकती है। इसे बस्तर में नक्सलवाद के खिलाफ चल रही कार्रवाई में बड़ी सफलता माना जा रहा है।

## एनएमडीसी का फरवरी माह में रिकार्ड आउट्पुट, उत्पादन में 6% की वृद्धि

**हैदराबाद, 6 मार्च।** देश के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने फरवरी 2026 में, माह और अप्रैल-फरवरी अवधि दोनों में, पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में उत्पादन निष्पादन में उत्कृष्ट वृद्धि दर्ज की है । फरवरी 2026 को समाप्त माह में, एनएमडीसी ने फरवरी माह का अबतक का सर्वोत्तम मासिक प्रदर्शन दर्ज किया है, जिसमें उत्पादन बढ़कर 5.35 मिलियन टन दर्ज हुआ, जो कि फरवरी 2025 में 4.62 मिलियन टन पर 16त्न की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्शाता है । बिक्री में माह-दर-माह 15.6त्न की वृद्धि दर्ज हुई, जो 3.98 मिलियन टन से बढ़कर 4.60 मिलियन टन हो गई । उत्पादन लक्ष्य से अधिक हुआ, जो कि खनन क्षमताओं के प्रभावी उपयोग और कंपनी की परिसंपत्तियों के परिचालन-लय में सुधार को दर्शाता है ।वित्तवर्ष 26 में एनएमडीसी ने मजबूत प्रदर्शन को बनाए रखा, जिसमें अप्रैल-फरवरी आउट्पुट में रिकार्ड स्थापित करते हुए उत्पादन बढ़कर 47.79 मिलियन टन हुआ, जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि में 40.49 मिलियन टन पर 18त्न की वृद्धि है, जबकि बिक्री 44.34 मिलियन टन हुई, जो कि वित्तवर्ष 25 की इसी अवधि में 40.20 मिलियन टन से 10त्न अधिक है । इस प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी,



एनएमडीसी ने कहा, यह प्रदर्शन हमारे सभी खनन परिसरों की हमारे टीमों के अनुशासन, समर्पण और समन्वय को दर्शाता है । हमारे द्वारा उत्पादित प्रत्येक टन भारत की इस्पात मूल्य-शृंखला को मजबूत बनाता है और राष्ट्र के आधारभूत संरचना की वृद्धि में योगदान करता है । वित्तवर्ष 27 की ओर अग्रसर होते हुए हमारा फोकस सुस्पष्ट है : उत्तरदायित्व के साथ क्षमता में वृद्धि, परिचालन दक्षता में सुधार और देश के लिए कच्चे माल की विश्वसनीय सुरक्षा सुनिश्चित करना है । यह श्रेय निश्चित रूप से हमारे कर्मचारियों को जाता है जिनकी प्रतिबद्धता प्रतिदिन एनएमडीसी की प्रगति की चालक शक्ति है ।इसके अतिरिक्त, एनएमडीसी की सभी तीन उत्पादन इकाइयों ने सामूहिक रूप से रिकार्ड आउट्पुट दर्ज किया है । इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत एक नवरत्न सीपीएसई होने के नाते, एनएमडीसी अपने सभी खनन परिचालनों में उत्पादन वृद्धि, दक्षता और लागत प्रतिस्पर्धात्मकता से भारत की बढ़ती इस्पात की मांग में सहयोग करने पर फोकस कर रहा है ।

### विभाग की प्राथमिकता वाली योजनाओं को बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करना करें सुनिश्चित - कलेक्टर

**जगदलपुर, 6 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर जिले के कलेक्टर आकाश छिकारा ने कहा कि विभाग की प्राथमिकता वाली योजना को बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने शासन के प्रमुख योजनाओं के दस-दस हितग्राहियों को मॉडल के रूप में चयनित करने के लिए कहा, जिनको अन्य लोगों को योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित करने के लिए उपयोग किया जा सके। आज मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने आगामी 22 मार्च को आयोजित की जा रही बस्तर हेरीटेज मैराथन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक लोगों से पंजीयन करवाने कहा। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बस्तर जनपद में कार्यक्रम आयोजन की तैयारियों के लिए अधिकारियों को दायित्व दिए। कलेक्टर ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष के चयनित ग्रामों में विभिन्न विभागों की योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाने पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि जिले में विकास कार्यों को गति मिल सके।

### बिना टेंडर काम्पलेक्स की दीवार तोड़कर व दुकानों के शटर तोड़कर

# बुरी तरह फंसी पालिका अब ठेकेदार को नोटिस जारी कर जानकारी मांग रही

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 6 मार्च।** नगर पालिका परिषद दंतेवाड़ा में अजब गजब खेला चल रहा है। मुख्यमंत्री स्वाबलंबन योजना के तहत बने 10 दुकानों को बिना प्रशासकीय स्वीकृति तोड़ने के विवाद में पालिका अब बुरी तरह से घिर गई है। दुकानों को तोड़ने से पूर्व लीजधारियों को नोटिस तक जारी नहीं किया गया और एकाएक पालिका ने निर्णय लेते हुए काम्पलेक्स में बने 10 दुकानों की दीवारों को तोड़कर उसमें लगे सभी शटरों को उखड़वा लिया था। उखाड़े गए शटर कहां गए पुछने पर सीएमओ कोई जवाब नहीं पाए थे। मीडिया में मामला उछलने के बाद अब पालिका नींद से जागी है और शटर उखाड़ने वाले संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी कर शटर की जानकारी मांगी जा रही है। इस तरह के कार्यशैली से पालिका की काफी बदनामी हुई है और सवाल भी उठ रहे हैं।

नगर पालिका दंतेवाड़ा मे किस तरह से नियम कायदों को धता बताते हुए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पालिका सीएमओ यहां काम कर रहे हैं इसकी बानगी देखनी



हो तो बस स्टेंड में पुराने नगर पंचायत कार्यालय के पीछे दशकों पहले पालिका द्वारा बनाए गए मुख्यमंत्री स्वाबलंबन योजना की काम्पलेक्स को जाकर देखा जा सकता है जिसे आज तोड़फोड़कर उसका नक्शा ही बदल दिया गया है। दुकानों को तोड़ने से पूर्व लीजधारियों को भी विश्वास में नहीं लिया गया जिसको लेकर लीजधारी काफी आक्रोशित हैं। तोड़े गए दुकानों के 10 शटर के गायब होने की खबर बीते दिनों मीडिया में सुर्खिया बनी थी। बताते चलें कि पालिका द्वारा इस काम्पलेक्स को तोड़कर अब यहां सब्जी वालों के बैठने के लिए सब्जी बाजार का निर्माण करवाया जा रहा है। नपा यहां नियम कायदों को दरकिनार कर मनमाने तारीके से कामों को अंजाम दे रही है यह हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि इस काम के लिए ना तो अब तक कोई टेंटर जारी हुआ है ना ही इसकी प्रशासकीय स्वीकृति ही प्राप्त हुई है। मुख्यमंत्री स्वाबलंबन योजना की दुकानों को तोड़ने के लिए परिषद से भी अनुमति नहीं मिली है। बावजूद इसे मनमाने तरीके से तोड़फोड़ कर उसका सुरतेहाल बिगाड़ दिया गया। कह सकते हैं कि नपा परिषद की चुनी हुई सरकार यहां तानाशाहीपूर्ण तरीके से काम कर रही है।

काम्पलेक्स के उखाड़े गए 10 शटर के गायब होने की खबर बीते दिनों मीडिया मे सुर्खियां बनी थी जिसके बाद पालिका की काफी किरकिरी हुई थी। उखाड़े गए शटर के गायब होने पर कई सवाल खड़े हुए थे। सीएमओ श्री पालदास भी शटर के गायब होने के सवाल पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए थे उन्होने केवल इतना ही कहा था मालुम कर बता पाउंगा। एक तो बिना टेंडर काम्पलेक्स को तोड़ा गया वहीं तोड़े गए दुकानों के शटर तक गायब करवा दिए गए। मामला विवादास्पद होने के 5 दिनों बाद नपा प्रशासन की नींद खुली। 03 मार्च को पालिका ने शटर उखाड़ने वाले फर्म को नोटिस जारी कर 10 शटर का हिसाब मांग लिया है और जल्द से जल्द शटर पालिका के सुपुर्द करने को कहा है। यह आशंका पहले ही जताई गई थी कि शटर या तो चोरी हुई है या फिर उसे किसी अन्य को बेच दिया गया है। यहां गौर करने वाली बात है कि पहले तो पालिका ने बिना स्वीकृति के काम्पलेक्स की दीवार तोड़वाई। दुकानों के शटर निकालवाया और लेबर पेमेंट नहीं किया । नौबत शटर का पेमेंट न दे पाने के एवज में गिरवी रखने तक की आ गई। पहले शटर को बेचा, जब मामला सार्वजनिक हुआ, पालिका की बदनामी हुई तो अब खुद ही नोटिस जारी कर शटर का हिसाब मांगा जा रहा है। गजब ही तमाशा चल रहा है पालिका में। इस मामले में शटर उखाड़ने वाले संचालक का भी पक्ष लिया गया तो उन्होने स्पष्ट तौर पर कहा कि शटर उखाड़ने के लिए मुझे कोई वर्क आर्डर भी जारी नहीं किया गया है। उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा के कहने पर लेबर लगवाकर शटर को उखडवाया गया था। लेबर पेमेंट नहीं दिया गया तो मजबूरन हमें शटर को अपने कब्जे में रखना पड़ा। शटर उखाड़ने वाले संचालक ने दो टूक कह दिया है कि जब मुझे वर्क ऑडर ही नहीं दिया गया तो नोटिस किस हक से भेजा जा रहा है। नोटिस नहीं लेबर पेमेंट करो और अपना शटर ले जाओ। अब यह देखने वाली बात होगी कि पालिका बिना स्वीकृति के इस काम का भुगतान कैसे और कहां से करती है।

## दो साल पहले मुआवजे के लालच में की थी दादा की हत्या,पोता गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 6 मार्च।** जिले के बचेली थाना क्षेत्र में दो वर्ष पहले 14 जनवरी 2024 की रात हुए अंधे कत्ल की गुत्थी बचेली पुलिस ने सुलझा ली है। जमीन मुआवजे की रकम हड़पने और फर्जीवाड़े के मामले से बचने के लिए आरोपी राकेश तेलाम ने अपने दादा बुधरू तेलाम की गुप्ती से वार कर हत्या की थी। पुलिस ने आरोपी राकेश तेलाम को गिरफ्तार कर हत्या में उपयोग किये गये गुप्ती जब्त कर कार्यवाही उपरांत आज मंगलवार को न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद आरोपी को जेल दाखिल कर दिया गया है। थाना प्रभारी प्रहलाद कुमार साहू ने बताया कि आरोपी को सीजेएम न्यायालय दंतेवाड़ा में आज पेश कर जेल दाखिल कर दिया गया है। इस मामले में 15 जनवरी 2024 को आयतुपारा नेरली निवासी राजू तेलाम ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि 14 जनवरी की रात करीब 11:30 बजे अचानक बिजली चली गई। उसी दौरान उसकी मां सन्नी तेलामी ने आवाज लगाई कि ÷तुम्हारे बाबा को कोई मारकर भाग रहा है।÷ राजू घर से बाहर निकला तो देखा कि उसके घर के लकड़ी के गेट को तार से बांध दिया गया था। पास में उसके भाई भीमा के घर का गेट भी रस्सी से बंधा मिला। किसी तरह रस्सी और तार हटाकर वे लोग मां के घर पहुंचे तो बुधरू तेलाम परछी में खाट पर खून से लथपथ पड़े थे। सिर के दाहिने हिस्से में गंभीर चोट थी। उन्हें तत्काल गांव के सरपंच और कोटवार की मदद से एनएमडीसी अपोलो अस्पताल बचेली ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज की, जांच के दौरान पता चला कि ग्राम नेरली की संयुक्त खाते की जमीन, जिसमें बुधरू तेलाम समेत परिवार के अन्य सदस्य खातेदार थे, वर्ष 2023 में एनएमडीसी लिमिटेड की बैलाडिला से नगरनार तक स्लरी पाइपलाइन, ऑप्टिकल फाइबर केबल और जल पाइपलाइन बिछाने के लिए अधिग्रहित की गई थी। सितंबर 2023 में जमीन का मुआवजा जारी हुआ।

## एक नजर

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका की भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 20 तक

**धमतरी, 6 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कुरूद के तहत नगर पंचायत कुरूद के वार्ड क्रमांक-15, वंदेमातरम् वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-16 में कार्यकर्ता और मरौद सेक्टर के ग्राम पंचायत भाठागांव स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-01 में सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए ई-भर्ती पोर्टल URL:- https://aww.e-bharti.in/ के जरिए आगामी 20 मार्च तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना कुरूद ने बताया कि संबंधित वार्ड अथवा ग्राम की निवासी महिला इन पदों पर भर्ती के लिए आवेदन कर सकतीं हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए संबंधित ग्राम पंचायत अथवा परियोजना कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

### हत्या या खुदकुशी, होली खेलने निकला युवक का फंदे पर मिला शव

**कोरबा, 6 मार्च।** होली खेलने निकला युवक वापस घर नहीं लौटा बल्कि आज सुबह पेड़ पर लटकी हुई उसकी लाश मिली। परिजन हत्या का संदेह जताते हुए जांच की मांग कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार कोरबा जिले के कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत सुराकछार और आनंद नगर के मध्य खोलार नदी के किनारे गुरूवार सुबह एक युवक का शव फंदे पर लटका मिला। युवक की पहचान मनीष कंवर पिता धुल सिंह कंवर 18 वर्ष के रूप में हुई। बताया गया कि युवक बुधवार को दोपहर होली खेलने घर से निकला लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की तो घर से थोड़ी ही दूर खोलार नदी के किनारे बांस के पेड़ पर गमछे से बनाए फांसी के फंदे पर वह घुटने के बल झूलता मिला। उसकी सांस थम चुकी थी। घटना की सूचना पर कुसमुंडा पुलिस मौके पर पहुंची। परिजन और स्थानीय लोग हत्या की आशंका जता रहे हैं। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को मौके पर तलब किया। पुलिस की जांच उपरांत ही स्पष्ट हो सकेगा कि युवक ने खुदकुशी की, या फिर उसे मार कर हत्या को आत्महत्या का रूप देने का काम किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का पुलिस को इंतजार है। किसी भी तरह का खुलासा से पहले कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

### चाकू और सर्जिकल ब्लेड से किया हमला, 4 युवक गंभीर रूप से घायल

**कोरबा, 6 मार्च।** शहर के इमलीडुग्गू इलाके में चाकू और सर्जिकल ब्लेड से किए गए हमले में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि 4 से 5 नशेड़ी युवकों ने अचानक हमला कर इस वारदात को अंजाम दिया। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, इस हमले में परवीन कुमार बरेठ और मुकेश कुमार यादव की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं धन सिंह और मोहन ठाकुर को भी चोटें आई हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, हमला करने वाले युवकों की पहचान मोती सागरपारा निवासी लक्की श्रीवास, नानू सागर, लव शुक्ला, गिरिराज शर्मा और राकेश के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सभी आरोपी आदतन अपराधी हैं और नशे के आदी हैं।

# अमृत मिशन 2.0 से नगरी क्षेत्र में जल आपूर्ति व्यवस्था होगी सुदृढ़

## उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र से पाइपलाइन बिछाने को मिली स्वीकृति, नगरी जल प्रदाय योजना को मिलेगी गति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी, 6 मार्च।** धमतरी जिले के नगरी नगर पंचायत क्षेत्र में स्वच्छ एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। केंद्र सरकार की अमृत मिशन 2.0 के अंतर्गत प्रस्तावित नगरी जल प्रदाय योजना के लिए नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्ड लाइफकी स्थायी समिति ने उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र से 0.972 हेक्टेयर वन भूमि के उपयोग के प्रस्ताव को सशर्त स्वीकृति प्रदान कर दी है।

यह निर्णय 19 जनवरी 2026 को आयोजित स्थायी समिति की 88वीं बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने की। प्रस्ताव के अनुसार धमतरी जिले के नगरी क्षेत्र में पाइपलाइन बिछाकर नगर पंचायत नगरी के लिए जल प्रदाय योजना को क्रियान्वित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के नागरिकों को नियमित और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

इस संबंध में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ शासन को पत्र जारी कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्रालय द्वारा जारी स्वीकृति में पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीव सुरक्षा से जुड़े कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी शामिल किए गए हैं।

निर्देशों के अनुसार निर्माण कार्य केवल दिन के समय किया जाएगा, पाइपलाइन के लिए खुदाई मौजूदा सड़क के किनारे ही की जाएगी तथा कार्य पूर्ण होने के बाद प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय प्रजातियों का पुनः रोपण किया जाएगा। इसके अलावा टाइगर रिजर्व के कोर अथवा बफर क्षेत्र में श्रमिक शिविर स्थापित नहीं किए जाएंगे। संवेदनशील क्षेत्रों में भारी मशीनरी के स्थान पर हाथ से खुदाई करने तथा कार्य पूर्ण होने के बाद सभी गड्ढों को तत्काल भरकर क्षेत्र को पूर्व स्थिति में बहाल करने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि वन्यजीवों को न्यूनतम व्यवधान हो।

जिला प्रशासन के अनुसार इस परियोजना के क्रियान्वयन से नगरी नगर पंचायत क्षेत्र के नागरिकों को सुरक्षित एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। साथ ही शहरी जल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और



नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि नगरी क्षेत्र के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने बताया कि अमृत मिशन 2.0 के अंतर्गत प्रस्तावित जल प्रदाय योजना के लिए वन्यजीव बोर्ड से स्वीकृति मिलना सकारात्मक प्रगति है। कलेक्टर ने कहा कि परियोजना के क्रियान्वयन के दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं वन्यजीवों की सुरक्षा से जुड़े सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बना रहे।

उन्होंने बताया कि जिले में नगरी सहित धमतरी, मगरलोड, भखारा और कुरूद क्षेत्रों में भी चरणबद्ध रूप से पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। धमतरी में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का संचालन किया जा रहा है, जिससे भविष्य में लगभग तीन लाख तक की आबादी को पेयजल उपलब्ध कराने की क्षमता विकसित की जा रही है। इसके साथ ही नए ओवरहेड टैंक निर्माण की तैयारी भी की जा रही है।

आमदी क्षेत्र में अमृत मिशन के तहत लगभग चार से पांच हजार आबादी को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए कार्य किया जा रहा है, जिसमें लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है तथा ओवरहेड टैंक का निर्माण भी हो गया है। जल्द ही वहां जल आपूर्ति प्रारंभ की जाएगी। नगरी में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जा रहा है और यहां पानी सोंढूर जलाशय से लाया जाएगा।

भखारा और कुरूद क्षेत्रों में पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए राज्य शासन से लगभग 32 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इन परियोजनाओं के माध्यम से वर्तमान आबादी से लगभग दोगुनी जनसंख्या को भविष्य में पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। इसके लिए महानदी की मुख्य नहर से जलापूर्ति की व्यवस्था विकसित की जा रही है।

मगरलोड क्षेत्र में भी पेयजल समस्या के समाधान के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, वहीं नवीन नगर पंचायत करेली बड़ी में मल्टी-विलेज जल योजना तैयार की जा रही है, जिससे आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को भी लाभ मिलेगा।

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल, बेहतर आधारभूत ढांचा और नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कार्य किए जा रहे हैं। धमतरी जिले में भी इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से नागरिकों को बेहतर जीवन सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर प्रयास जारी हैं। योजना के पूर्ण होने के बाद नगरी नगर पंचायत क्षेत्र के नागरिकों को नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध होगा, जिससे क्षेत्र के जीवन स्तर में सुधार के साथ-साथ शहरी बुनियादी सेवाओं को भी नई मजबूती मिलेगी।

## छत्तीसगढ़ में पहली बार गंगरेल बांध पर 'महानदी रिवर बोट चैंपियनशिप' 11 मार्च को

# रोमांचक नौकायन से जल पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी, 6 मार्च।** जिले में पर्यटन गतिविधियों को नई पहचान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल पर जिला पर्यटन समिति धमतरी द्वारा गंगरेल बांध में पहली बार 'गंगरेल नौकायन उत्सव' के अंतर्गत 'महानदी रिवर बोट चैंपियनशिप' का आयोजन किया जा रहा है। यह रोमांचक नौका दौड़ प्रतियोगिता 11 मार्च 2026, बुधवार को दोपहर 3 बजे से गंगरेल बांध, धमतरी में आयोजित होगी।

जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य जिले में जल पर्यटन को बढ़ावा देना, स्थानीय युवाओं को साहसिक खेलों के प्रति प्रेरित करना तथा गंगरेल क्षेत्र को पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करना है। इस आयोजन से न केवल स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा, बल्कि पर्यटकों के लिए भी यह एक आकर्षक आयोजन साबित होगा।

आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों के लिए पंजीयन अनिवार्य किया गया है। प्रत्येक टीम के लिए 500 रुपये पंजीयन शुल्क निर्धारित किया गया है। टीम पंजीयन की अंतिम तिथि 9 मार्च 2026, सोमवार शाम 5 बजे तक तय की गई है। इच्छुक टीमें क्यूआरकोड के माध्यम से भी पंजीयन करा सकती हैं।







प्रतियोगिता में विजेता टीमों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। नाव दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 1 लाख रुपये, द्वितीय स्थान के लिए 50 हजार रुपये तथा तृतीय स्थान के लिए 25 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त नाव सजावट और पारंपरिक वेशभूषा के लिए भी 11-11 हजार रुपये के विशेष पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं, जिससे प्रतियोगिता में सांस्कृतिक रंग भी देखने को मिलेगा।

प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार सभी प्रतिभागियों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होना आवश्यक है तथा प्रत्येक प्रतिभागी के पास वैध पहचान पत्र होना अनिवार्य रहेगा। प्रत्येक टीम में 10 सदस्य होंगे तथा आवश्यकतानुसार एक अतिरिक्त (रिजर्व) खिलाड़ी रखने की अनुमति होगी। सभी प्रतिभागियों के लिए समान वेशभूषा अथवा लाइफ जैकेट पहनना अनिवार्य किया गया है। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में केवल आयोजक द्वारा स्वीकृत पारंपरिक नावों को ही भाग लेने की अनुमति दी जाएगी तथा इंजन या मोटर चालित नावों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। दौड़ की दूरी पूर्व निर्धारित रहेगी और जो नाव सबसे पहले फिनिश लाइन पार करेगी, उसे विजेता घोषित किया जाएगा।

प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों और दर्शकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए विशेष सुरक्षा प्रबंध किए जा रहे हैं। मौके पर बचाव दल, सुरक्षा नाव, लाइफ जैकेट, प्राथमिक उपचार की व्यवस्था तथा एम्बुलेंस उपलब्ध रहेगी। खराब मौसम की स्थिति में प्रतियोगिता को आवश्यकतानुसार स्थगित भी किया जा सकता है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि गंगरेल बांध प्राकृतिक सौंदर्य और जल संसाधनों से समृद्ध क्षेत्र है। इस प्रकार के आयोजन से जिले में पर्यटन गतिविधियों को नई पहचान मिलेगी और स्थानीय युवाओं को साहसिक खेलों में भागीदारी का अवसर मिलेगा। भविष्य में भी जिले के पर्यटन स्थलों पर इस प्रकार के नवाचारपूर्ण आयोजन किए जाएंगे। प्रतियोगिता से संबंधित अधिक जानकारी के लिए इच्छुक प्रतिभागी 07722-232337 एवं 98266-39989 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक टीमों से इस आयोजन में भाग लेकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

# शहर में चाकूबाजी की घटना में युवक की मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी, 6 मार्च।** 5 मार्च को रात्रि 10.45 बजे लगभग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने मनोज ध्रुव एवं अन्य 03 आरोपियों द्वारा गणेश झंझोटे का रास्ता रोककर, पुरानी बात को लेकर वाद विवाद करते हुए अपने पास रखे चाकू से हत्या करने के नियत से गणेश झंझोटे के शरीर में वारकर दिया गया, जिससे गणेश को गंभीर चोंटे आई। तत्पश्चात उसे इलाज के लिए तुरंत जीवन मल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर द्वारा गणेश झंझोटे को मृत घोषित किया गया। थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में शामिल 04 आरोपियों की पहचान कर ली गई है तथा जिसमें से एक आरोपी मनीष ध्रुव को तत्काल हिरासत में भी ले लिया गया है। प्रकरण में जांच एवं विवेचना कार्रवाई जारी है तथा मृतक गणेश झंझोटे की हत्या करने वाले आरोपियों की सरगर्मी से पता तलाश की जा रही है। प्रकरण में प्राची करण राठौर उर्फ बिट्टू उम्र 27 वर्ष निवासी शक्ति वार्ड भाटापारा की रिपोर्ट पर धारा 126(2), 103(1), 109(1), 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।



संपूर्ण प्रकरण के संबंध में जांच एवं विवेचना की जा रही है उक्त जानकारी पुलिस द्वारा उपलब्ध करायी गई है। वही होली त्यौहार के साथ साथ अन्य दिनो मे भी इस तरह की घटनाएं आम हो गई है खासकर युवा वर्ग के लोग नशे के आगोश मे इतना डूब गये है कि उन्हे मरने मारने की कोई फ्रिक्र ही नही है वहीं होली पर शहर मे नशे शराब का कारोबर भी जमकर हुआ शहर मे मेन रोड मे इस तरह की घटना कही न कहीं पुलिस प्रशासन की व्यवस्थाओं पर भी प्रश्न चिन्ह खडा करता है जवान युवक की मौत के बाद वो भी शहर का सबसे व्यस्ततम व प्रमुख चौक मे यह घटना लोगों को दहशत मे डाल दिया है पुलिस विवेचना कर रही है वही जैसे लोगो से जानकारी मिल रही है कि मृतक दो पक्षो मे मे हो रहे झगडे को शांत कराने के लिए वहां पहुंचा था और और उसे अपनी जान से हाथ धोना पड़ा।

# बिहान से जानकी बनीं आत्मनिर्भरता की मिसाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी, 6 मार्च।** जिले के कुरूद विकासखंड के ग्राम खर्रा की निवासी जानकी की जीवन यात्रा महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की प्रेरक कहानी बन गई है। कभी एक साधारण गृहिणी के रूप में खेती-बाड़ी में परिवार का सहयोग करने वाली जानकी आज सफल व्यवसायी के रूप में पहचान बना चुकी हैं। उनकी यह सफलता ग्रामीण आजीविका मिशन की बिहान योजना से मिली प्रेरणा, मार्गदर्शन और निरंतर मेहनत का परिणाम है। जानकी जय मां गायत्री महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद आर्थिक गतिविधियों के बारे में जागरूक हुईं। समूह के माध्यम से उन्हें बचत, बैंकिंग और स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी मिली। सामुदायिक निवेश निधि (सीआईएफ) से प्राप्त ऋण की



मदद से उन्होंने कपड़ा व्यवसाय की शुरुआत की। मेहनत, लगन और ग्राहकों के विश्वास से उनका व्यवसाय धीरे-धीरे बढ़ता गया।

समूह के बैंक लिंकेज के माध्यम से अतिरिक्त ऋण प्राप्त कर उन्होंने अपने व्यवसाय का विस्तार करते हुए फैंसी स्टोर भी शुरू किया। बाद में मुद्रा योजना के तहत ऋण लेकर उन्होंने जूते-चप्पल की दुकान भी प्रारंभ की। आज उनके व्यवसाय में कपड़े, फैंसी सामग्री और जूते-चप्पल की बिक्री होती है, जिससे उन्हें प्रतिमाह अच्छी आमदनी प्राप्त हो रही है और उनके परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है।

जानकी केवल स्वयं आत्मनिर्भर नहीं बनीं, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा स्रोत बन गई हैं। वे खेती-बाड़ी समूह की अध्यक्ष, ग्राम संगठन (वीओ) की अध्यक्ष तथा बीआरसी सदस्य के रूप में सक्रिय भूमिका निभाते हुए महिलाओं को बचत, स्वरोजगार और उद्यमिता के लिए प्रेरित कर रही हैं। उनके प्रयासों से कई महिलाएं स्व-सहायता समूहों से जुड़कर आर्थिक गतिविधियों में भागीदारी कर रही हैं। जानकी बताती हैं कि समूह से जुड़ने के बाद उन्हें आत्मविश्वास मिला और सरकारी योजनाओं की जानकारी भी प्राप्त हुई। इसी मार्गदर्शन और सहयोग के कारण वे आज सफलतापूर्वक अपना व्यवसाय संचालित कर रही हैं। आज जानकी की सफलता यह साबित करती है कि यदि महिलाओं को सही अवसर, प्रशिक्षण और सहयोग मिले तो वे न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधार सकती हैं, बल्कि पूरे समाज में सकारात्मक बदलाव की मिसाल भी बन सकती हैं।

# कलेक्टर ने तम्बाकू उत्पादों की बिक्री करने वाले दुकानों पर कार्रवाई करने के दिए निर्देश

## जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद, 6 मार्च।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव, डीपीएम नीलू घृतलहरे, जिला नोडल अधिकारी (एनटीसीपी) डॉ. छत्रपाल चंद्राकर एवं संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने जिले के समस्त शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री करने वाले दुकानों पर सख्त चालानी कार्यवाही करने के निर्देश



दिए। साथ ही चयनित ग्राम पंचायतों को धूम्रपान मुक्त बनाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता अभियान संचालित करने पर जोर दिया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि चयनित ग्राम पंचायतों के विद्यालयों, ग्राम पंचायत कार्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों को तंबाकू मुक्त क्षेत्र घोषित करने हेतु विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही समस्त शासकीय कार्यालयों में कोटपा अधिनियम 2003 की धारा 4 के अंतर्गत धूम्रपान निषेध संबंधी सूचना बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाए जाने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान डीपीएम नीलू घृतलहरे ने जिले के शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू मुक्त घोषित करने तथा चयनित ग्राम पंचायतों को तंबाकू मुक्त ग्राम पंचायत बनाने की कार्ययोजना की जानकारी दी।

## आईआईएम रायपुर में धमतरी के युवा उद्यमियों को मिला उन्नत प्रबंधन प्रशिक्षण

# आज उद्यमिता केवल व्यवसाय तक सीमित नहीं है, बल्कि यह रोजगार सृजन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का माध्यम बन चुकी है : मिश्रा

■ जिले के 6 उद्यमियों का चयन, व्यवसाय विस्तार की आधुनिक तकनीक के प्रशिक्षण के लिए हुआ था

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी, 6 मार्च।** जिले में उद्यमिता को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन एवं प्रयासों से धमतरी जिले के युवा उद्यमियों का चयन राजधानी रायपुर स्थित Indian Institute of Management Raipur द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित प्रशिक्षण कार्यक्रम Advanced MDP for Business Scale-Up for MSMEs में हुआ था। सब प्रशिक्षण प्राप्त कर वापस आ गए है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में धमतरी जिले के छह युवा उद्यमी भाग लेकर उद्योग एवं व्यवसाय के विस्तार, प्रबंधन कौशल, विपणन रणनीति, वित्तीय प्रबंधन तथा आधुनिक व्यावसायिक मॉडल की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। यह पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को सशक्त बनाने, व्यवसाय को स्केलेबल मॉडल में विकसित करने तथा दीर्घकालीन विकास रणनीतियों को समझने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

प्रशिक्षण के लिए चयनित प्रतिभागियों में डॉ. संदीप मेश्राम, गौरव कुमार सिन्हा (कृषि उद्यमी),



डॉ. पीयूष प्रधान (कृषि वैज्ञानिक), दुष्यंत किरी (उद्यमी), कुणाल सिन्हा (कृषि शिक्षा) तथा नोमेश कुमार (औषधि उद्यमी) शामिल हैं।

विशेष बात यह है कि इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में चयनित प्रतिभागियों को पूर्णतः निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रतिभागियों के लिए रहने, भोजन एवं अध्ययन की समस्त व्यवस्थाएँ संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई गयी थी तथा प्रशिक्षण पूर्ण होने पर उन्हें प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया गया।

उल्लेखनीय है कि डॉ. संदीप मेश्राम जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र (DTIC) धमतरी में DRP के रूप में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और जिले में उद्यमिता संवर्धन से जुड़ी गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इस प्रशिक्षण से जिले के अन्य युवा उद्यमियों को भी नई प्रेरणा मिलेगी और स्थानीय स्तर पर उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि आज के समय में उद्यमिता केवल व्यवसाय तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नवाचार, रोजगार सृजन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का माध्यम बन चुकी है। उन्होंने कहा कि आईआईएम जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त करना जिले के उद्यमियों के लिए एक बड़ा अवसर है। इससे उन्हें आधुनिक प्रबंधन तकनीकों, बाजार विस्तार की रणनीतियों तथा प्रतिस्पर्धात्मक व्यावसायिक वातावरण को समझने में मदद मिलेगी।

कलेक्टर ने जिले के अन्य उद्यमियों, स्टार्टअप संचालकों, व्यवसायियों तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से जुड़े हितग्राहियों से भी आग्रह किया कि वे इस प्रकार के राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लें।

### ब्रेल पुस्तकें और 3000 से अधिक ऑडियो बुक्स से दिव्यांग महिलाओं के सशक्तिकरण की प्रेरक पहल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी, 6 मार्च।** प्रतिवर्ष 8 मार्च को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समाज में महिलाओं की उपलब्धियों, उनके अधिकारों और सशक्तिकरण को सम्मान देने का अवसर प्रदान करता है। इसी भावना को साकार करते हुए छत्तीसगढ़ में दिव्यांग महिलाओं और बालिकाओं के शैक्षणिक सशक्तिकरण की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल सामने आई है।

राजधानी रायपुर स्थित लोक भवन, सिविल लाइन में पिछले माह जनवरी में आयोजित एक गरिमामय राज्य स्तरीय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका के करकमलों से दो महत्वपूर्ण ब्रेल पुस्तकों–'दिव्यांग महिलाओं की सफलता की कहानी' और 'छत्तीसगढ़ के वीर'–का विमोचन किया गया। साथ ही दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए तैयार की गई 3000 से अधिक ऑडियो बुक्स का भी लोकार्पण किया गया।

यह पहल विशेष रूप से उन दिव्यांग बालिकाओं और महिलाओं के लिए आशा की नई किरण बनकर सामने आई है, जिन्हें सामान्य परिस्थितियों में शैक्षणिक संसाधनों तक पहुँचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ब्रेल पुस्तकें और ऑडियो बुक्स अब उन्हें शिक्षा के साथ-साथ आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर रही हैं।

कार्यक्रम में धमतरी जिला की समर्पित शिक्षिका प्रीति शांडिल्य को दिव्यांगजनों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट और नवाचारी योगदान के लिए राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। उनके प्रयासों से ब्रेल पुस्तकों और ऑडियो बुक्स के निर्माण का कार्य गति पकड़ सका, जिससे दृष्टिबाधित बच्चों विशेषकर बालिकाओं के लिए शिक्षा के नए द्वार खुले हैं।

## एक नजर

### फसल अवशेष जलाने के दुष्प्रभाव एवं फसल अवशेष प्रबंधन की जानकारी दी

**कांकेर, 6 मार्च।** फसल कटाई के बाद फसलों के ठूंठ किसान खेत में ही जला देते हैं, ताकि नई फसलों की बुवाई कर सकें। फसल अवशेष खेतों में जलाने से मिट्टी की उर्वरता कम होती है, मित्र कीट नष्ट होते हैं, सूक्ष्म जीव पूरी तरह नष्ट हो जाते है, इससे ग्लोबल वार्मिंग के खतरे को बल मिलता है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने फसल अवशेष को खेतों में जलाने हेतु प्रतिबंधित किया है। फसल अवशेष जलाने से निकलने वाले धुंआ के जहरीली गैसों से वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। फसल अवशेष जलाने से मृदा का तापमान बढ़ जाता है, जिसके फलस्वरूप मृदा की संरचना बिगड़ जाती है। फसल अवशेष जलाने के कारण जीवांश पदार्थ की मात्रा कम हो जाने से मृदा की उर्वरता कम होने लगती है जिससे उत्पादकता कम होने का खतरा होता है। फसल अवशेष जलाने से उस पर आश्रित मित्र कीट मर जाते हैं, इससे मित्र कीट और शत्रु कीट का अनुपात बिगड़ जाता है। फलस्वरूप पौधों को कीट प्रकोप से बचाने के लिए मजबूरन महंगे एवं जहरीले कीटनाशकों का इस्तेमाल करना पड़ता है, जिसका दुष्प्रभाव मानव स्वास्थ्य पर देखा जा रहा है। फसल अवशेष प्रबंधन के संबंध में जानकारी देते हुए कृषि विभाग के उप संचालक श्री जितेन्द्र कोमरा ने बताया कि फसल कटाई के उपरांत खेतों में पड़े हुए पैरा, भूसा आदि को गहरी जुताई कर पानी भरने से फसल अवशेष कम्पोस्ट में परिवर्तित हो जाते हैं, जिससे अगली फसल के लिए मुख्य एवं सूक्ष्म पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। फसल कटाई उपरांत खेत में बचे हुए फसल अवशेषों को इकट्ठा कर कम्पोस्ट गड्ढे में या वर्मी कम्पोस्ट टांके में डालकर कम्पोस्ट बनाने के लिए उपयोग किया जावे। फसल कटाई उपरांत खेत में फसल अवशेष पड़े रहने के बाद भी बिना जलाये बीजों की बोनी हेतु जीरो सीड्स-कम-फर्टिलाईजर-ड्रील, हैप्पी सीड्र इत्यादि बोनी यंत्र तथा फसल अवशेष प्रबंधन के यंत्रो का उपयोग किये जाने से बीज का प्रतिस्थापन उपयुक्त नमी स्तर पर होता है, साथ ही ऊपर बिछे हुए फसल अवशेष नमी संरक्षण का कार्य, खरपतवार नियंत्रण एवं बीज के सही अंकुरण के लिए मल्चिंग का कार्य करता है। फसल अवशेष को रोटावेटर एवं मल्चर का उपयोग करके अवशेष को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकार मिट्टी में मिलाया जा सकता है, 15 से 30 दिनों में अवशेष सड़कर खाद के रूप में उपलब्ध होकर मृदा की उर्वरा शक्ति को बढ़ाता है।

### छत्तीसगढ़ महिला आयोग प्रकरणों की सुनवाई 13 मार्च को जगदलपुर में करेगा

**कांकेर,6 मार्च।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित बस्तर संभाग के बस्तर, कांकेर, दंतेवाड़ा, कोण्डागांव, नारायणपुर, बीजापुर एवं सुकमा जिलों से प्राप्त प्रकरणों की सुनवाई आयोग की गठित न्यायपीठ की अध्यक्ष डॉ. श्रीमती किरणमयी नायक एवं आयोग के सदस्यों द्वारा 13 मार्च को कलेक्ट्रेट भवन जगदलपुर के प्रेरणा सभा कक्ष में प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। कांकेर जिले के आवेदिका एवं अनावेदक को भी उक्त सुनवाई के दौरान उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया है।

### भाजपा किसान मोर्चा के जिला सह प्रवक्ता बने जयप्रकाश डनसेना

**खरसिया6 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** किसान पुत्र किसान हितैषी किसान मित्र बाबा सिद्धेश्वर नाथ की नगरी बरगढ़ धाम के निवासी किसान नेता अपने तन मन धन निरंतर भाजपा को समर्पित कर सेवा करते आए हैं और सभी के चाहते जयप्रकाश डनसेना को भाजपा किसान मोर्चा जिला सह प्रवक्ता बनाए गया है भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय के मार्गदर्शन एवं भाजपा संभाग प्रभारी रामू रोहरा जिला प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर के निर्देशन से भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर रायगढ़ जिला अध्यक्ष अरुणधर दीवान जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष ललित यादव के अनुशंसा से जिला किसान मोर्चा के सह प्रवक्ता जयप्रकाश डनसेना को बनाए जाने संगठन एवं भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं द्वारा फोन एवं मैसेज सोशल मीडिया के माध्यम और व्यक्तिगत मुलाकात कर इस नए दायित्व मिलने पर बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिए ऐसे ऊर्जावन मिलनसार सदा ग्रामीण जनों की हितैसी बात करने वाले और मदद करने वाले किसान किसान मोर्चा के सह प्रवक्ता बना भाजपा के संगठनों को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा ऐसे और ऊर्जावन व्यक्ति हैं।



# जिले में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन में आई तेजी

- सोलर पैनल लगने से बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के बिजली बिल में आई कमी
- केंद्र एवं राज्य सरकार उपभोक्ताओं को अधिकतम 1 लाख 8 हजार रूपए तक की सब्सिडी कर रही प्रदान




**राजनांदगांव 6 मार्च।** जिले में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में लगातार प्रगति दर्ज की जा रही है। इस योजना के तहत केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा उपभोक्ताओं को अधिकतम 1 लाख 8 हजार रूपए तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है, जिससे सोलर रूफटॉप स्थापना आम नागरिकों के लिए अधिक किफायती और सुलभ हो गई है। जिले में अब तक कुल 8 हजार 416 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 3 हजार 727 लाभार्थियों ने वेंडर का चयन कर लिया है। वहीं 1 हजार 584 घरों में सोलर पैनलों की स्थापना पूरी हो चुकी है तथा 991 उपभोक्ताओं को सब्सिडी राशि का वितरण भी किया जा चुका है। फरवरी माह में योजना के प्रति लोगों का उत्साह देखने को मिला। इस दौरान 721 नए आवेदन प्राप्त हुए, जबकि 433 घरों में सोलर पैनलों की स्थापना पूर्ण की गई। जिले में योजना के प्रति जागरूकता लगातार बढ़ रही है और नागरिक सक्रिय रूप से इससे जुड़ रहे हैं।

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का सकारात्मक प्रभाव अब जमीनी स्तर पर भी दिखाई देने लगा है। सोलर पैनल लगने से बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के बिजली बिल में कमी आई है। कई घरों में बिजली बिल शून्य अथवा नकारात्मक भी आ रहा है, यानी उपभोक्ता अतिरिक्त उत्पादित सौर ऊर्जा को ग्रिड में आपूर्ति कर अतिरिक्त आय भी अर्जित कर रहे हैं। इससे न केवल परिवारों को आर्थिक लाभ मिल रहा है, बल्कि वे ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी आगे बढ़ रहे हैं। साथ ही स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा मिलने से पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिल रहा है। इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ प्रत्येक पात्र परिवारों तक शीघ्र, पारदर्शी और प्रभावी तरीके से पहुंचे। इसके लिए गुणवत्तापूर्ण सोलर इंस्टॉलेशन, समयबद्ध सब्सिडी वितरण और उपभोक्ताओं को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष

# जिले की हुनरमंद महिलाएं छू रही सफलता के क्षितिज

- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से मिली एक राह और ताकत
- राज बिहान रसोई शहर में परंपरागत छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का लोकप्रिय ठिहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 6 मार्च।** जिले की हुनरमंद महिलाएं सफलता के क्षितिज छू रही है और अपने आत्मविश्वास एवं हौसले से आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से उन्हें एक राह और ताकत मिली। जिले में संचालित राज बिहान रसोई शहर में परंपरागत छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का लोकप्रिय ठिहा है। इसकी संचालक प्रतिज्ञा महिला स्वसहायता समूह की लखपति दीदी श्रीमती ज्ञानेश्वरी निषाद ने कहा कि महिलाएं यदि ठान ले तो कोई भी कार्य कठिन नहीं है, सोचे नहीं थे कि छोटे से स्तर पर प्रारंभ किया गया यह व्यवसाय इतना बढ़ जायेगा। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर होने से उनकी अपनी अलग एक पहचान बनी है। उन्होंने बताया कि राज बिहान रसोई में खुबसूरत सजावट किया गया है। यहां छत्तीसगढ़ पकवानों के लिए निरंतर आर्डर मिल रहे हैं, जिससे कार्य में मन लग गया है। समय पर आर्डर पूरा करना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन सभी महिलाएं एक साथ मिलकर मेहनत से कार्य कर रही हैं। राज बिहान रसोई में विभिन्न तरह के छत्तीसगढ़ी व्यंजन चीला, बड़ा, फरा, चौसेला, मुगोड़ी, साबुदाना बड़ा, अइरसा, ठेठरी, खुर्मी, बालुशाही जैसे स्वादिष्ट छत्तीसगढ़ी पकवान उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन 15 हजार रूपए से 18 हजार रूपए तक की आमदनी प्राप्त हो रही है। माह में लगभग 35 हजार से 40 हजार रूपए मासिक आमदनी हो रही है। कलेक्टोरेट परिसर में स्थापित राज बिहान रसोई में जनमानस जायकेदार व्यंजनों का लुफ्त उठाने प्रतिदिन पहुंच रहे हैं।

श्रीमती ज्ञानेश्वरी निषाद ने बताया कि समूह से जुडने के पहले वे खेती-किसानी के कार्यों में परिवार की मदद करती थी और आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। अपनी आय में बढ़ोत्तरी के लिए वे गांव में सामाजिक कार्यों में भोजन बनाने का कार्य मजदूरी में करती थी। कार्य में वृद्धि होने से उन्हें आर्डर प्राप्त होने लगे और उन्होंने बिहान से जुड़कर ऋण लेकर यह व्यवसाय प्रारंभ किया। उन्होंने बताया उनकी टीम में शामिल प्रत्येक सदस्य लखपति दीदी की श्रेणी में शामिल हो गए हैं। भविष्य में उनका यह सपना है कि टीम के सभी सदस्य और अधिक आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त हो और राज बिहान रसोई के और भी ब्रांच हो। उन्होंने बताया कि बचत होने पर अपने घर के लिए मिक्सी एवं फ्रिज खरीदा है और कुछ दिनों पहले 50 हजार रूपए की राशि से अपने लिए सोने के झुमके खरीदे हैं। श्रीमती ज्ञानेश्वरी निषाद ने बताया कि राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से उन्हें बहुत मदद मिली। उत्साहवर्धन हेतु स्थानीय स्तर के शासकीय एवं अशासकीय मेला एवं मड़ई में कैटरिंग कार्य हेतु भेजा गया। उनकी उत्सुकता एवं रूचि को देखते हुए सरस मेला गुड़गांव, दिल्ली, गुरूग्राम, कलकत्ता, केरल, रायपुर, भिलाई भेजा गया। प्रत्येक सरस मेला में अपनी टीम के साथ कार्य करते हुए लगभग एक-एक लाख रूपए से अधिक शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ।

### 1998 के वंचित शिक्षकों को पीएस के साथ ओपीएस चुनने का मौका दे सरकार : प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 6 मार्च।** प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी एवं प्रदेश महासचिव ने संयुक्त बयान जारी कर राज्य सरकार से मांग की है कि वर्ष 1998 में नियुक्त शिक्षकों को UPS के साथ-साथ OPS (पुरानी पेंशन योजना) चुनने का पुनः अवसर प्रदान किया जाए। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि राज्य सरकार अगस्त 2025 से नियुक्त कर्मचारियों के लिए PS लागू करने जा रही है, जबकि सरकार को OPS को ही जारी रखना चाहिए था। उन्होंने बताया कि वर्ष 1998 में नियुक्त कई शिक्षकों का नियमितीकरण वर्ष 2001 में तथा संविलियन वर्ष 2018 में हुआ, लेकिन संविलियन तिथि को ही नियुक्ति तिथि मानते हुए पूर्व सेवा को शून्य कर दिया गया। संघ के अनुसार पूर्व सेवा की गणना न होने के कारण लगभग 12 हजार शिक्षक दस वर्ष की अनिवार्य सेवा अवधि से वंचित मान लिए गए और उन्हें पुरानी पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल सका। परिणामस्वरूप कई शिक्षक OPS का विकल्प भी नहीं भर पाए और उन्हें जबरन NPS के दायरे में रखा गया। संघ ने कहा कि अन्य विभागों के कर्मचारियों को पेंशन लाभ मिल रहा है, जबकि केवल 1998-99 के एल.वी. संवर्ग के शिक्षकों के साथ अन्याय हो रहा है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर द्वारा पारित आदेश (WPS No. 777/2021) में 120 दिनों के भीतर वर्ष 1998 के शिक्षकों की सेवा को शून्य न मानते हुए उन्हें पेंशन के दायरे में लाने तथा पूर्ण पेंशन लाभ देने के निर्देश दिए गए हैं। संघ ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को कई बार ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया है।



**तिल्दा नेवरा 6 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्यसभा सदस्य के लिय बलौदा बाजार की बीजेपी की वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा ने रायपुर में कल नामांकन पत्र जमा के वक्त बलौदाबाजार के विधायक छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री टंक राम वर्मा। पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा अनुराधा वर्मा ओर बीजेपी नेता महेश अग्रवाल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सौरभ जैन सहित अनेक स्थानीय नेता रायपुर में राज्य सभा सदस्य के नामांकन के वक्त बधाई दी

## राज्यपाल रमेन डेका ने किया अचानकमार टाइगर रिजर्व का दौरा

**रायपुर, 6 मार्च।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज मुंगेली जिले के प्रसिद्ध अचानकमार टाइगर रिजर्व का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जंगल सफारी का आनंद लिया और वनांचल की प्राकृतिक सुंदरता की सराहना की। उन्होंने प्राकृतिक वातावरण में वन्य जीव के संरक्षण को प्रोत्साहित किया। राज्यपाल ने आदिवासी अंचल की महिलाओं द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों की प्रशंसा की। उन्होंने बैगा और गोंड जनजाति की पारंपरिक ट्राइबल पेंटिंग्स तथा स्थानीय हस्तशिल्प को विशेष रूप से सराहा। राज्यपाल श्री डेका ने सिहावल क्षेत्र में वन्य प्राणी संरक्षण को और मजबूत करने के लिए आवश्यक सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने जंगली हाथियों के प्रशिक्षण एवं प्रबंधन के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान डीडी एटीआर ने बताया कि यह क्षेत्र हिरण, हाथी, टाइगर सहित कई वन्य प्राणियों के विचरण का प्रमुख क्षेत्र है। गौरतलब है कि मुंगेली जिले का सिहावल क्षेत्र मनियारी नदी का उद्गम स्थल भी माना जाता है। कलेक्टर मुंगेली श्री कुन्दन कुमार द्वारा राज्यपाल को जनजातीय कला पर आधारित स्मृति चिन्ह एवं प्राकृतिक कोसे से निर्मित शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर फील्ड डायरेक्टर अभिषेक सिंह, एडीसी ओम भविष्यकर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, डीडी एटीआर, यू आर गणेशन, सीईओ जिला पंचायत प्रभाकर पांडेय सहित, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण, फूड एवं राजस्व सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।


### OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER
### PUBLIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G.)
## e-Procurement Tender Notice

Online tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, C.G. P.W.D in new Registration system (unified Registration system) for the following work:-

| NIT No. | Name of work | Probable amount of contract |
|---|---|---|
| 95/SE E/M/2025 (Call) System Tender No.186649 Registered contractor class in "C" & above For Form B (ITEM Rate Basis) | AT PROVIDING ELECTRIFICATION WORK TO L.E.D. BOLLARD, R.O. WATER PURIFIER & ALKALINE WATER IONIZER AT CONSTRUCTION OF RAJBHAWAN, CHIEF MINISTER HOUSE, MINISTER BUNGALOW & SENIOR OFFICER RESIDENCE, SECTOR 18 NAVA RAIPUR, C.G. | Rs 108.39 Lacs |
| 97/SE E/M/2025 (ICall) System Tender No.186672 Registered contractor class in "C" & above For Form A (Percentages Rate Basis) | PROVIDING ADDITIONAL V.R.V. AIRCONDITIONING WORK & ADDITIONAL ELECTRICAL WORK AT NEW VIDHANSABHA BUILDING, SECTOR 19, NAVA RAIPUR, C.G. | Rs 122.41 Lacs |

**Date of bid submission will be 18-03-2026**
The tender documents can be downloaded from the web-portal **http://eproc.cgstate.gov.in.** Only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

**Superintending Engineer**
**P.W.D., E/M Circle Raipur (C.G.)**

**G252607020/5**


## राष्ट्रीय साधन सह-प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा की अंतिम तिथि 20 मार्च

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 6 मार्च।** भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएसइ) के अन्तर्गत राज्य के कक्षा 8 वीं में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। उक्त योजना के अन्तर्गत छात्रवृत्ति प्राप्ति हेतु राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा (एनएमएमएसइ) सत्र 2025-26 के लिए निशुल्क ऑफलाईन, ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते है। इस संबंध में एनएमएमएसइ परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए पात्रता छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित शासकीय विद्यालय, शासकीय अनुदान प्राप्त विद्यालय, स्थानीय निकाय, विद्यालय के कक्षा 8वीं (सत्र 2025-26) में अध्ययनरत विद्यार्थी जो पिछली कक्षा (7वीं) में न्यूनतम 55 प्रतिषत ( एससी, एसटी हेतु 5 प्रतिषत छूट) अंक के साथ उत्तीर्ण हों, विद्यार्थी के माता, पिता या पालक की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय रु. तीन लाख पचास हजार से अधिक न हो। राष्ट्रीय साधन सह-प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा योजना के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य हेतु कुल आबंटित कोटा 2246 है। वेबसाईट पर अपलोड है। जिलेवार आरक्षित वर्गों से संबंधित छ.ग. शासन द्वारा जारी वर्गवार 2248 के आदेश के संबंध में किसी भी प्रकार के दावा आपत्ति एवं सूचना का अधिकार छ.ग.मा.शि.को भेजने जाने पर इस पर किसी भी प्रकार का कार्यवाही नहीं किया जावेगा ।

किसी एक छात्रवृत्ति की पात्रता के नियमानुसार चयनित केवल एक प्रकार की छात्रवृत्ति देय होगी । यह नियम एनएमएमएसइ हेतु भी प्रभावशील होगी। जाति प्रमाण पत्र का एआरएन नंबर लिखना अनिवार्य है, इसके अभाव में जाति वर्ग का आरक्षणध्लाम से वंचित होंगे। सामान्य वर्ग की श्रेणी में मान्य किया जावेगा किसी प्रकार की दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी। इस संबंध में केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, अशासकीय विद्यालय, आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को एनएमएमएसइ हेतु पात्रता नहीं है। आवासीय विद्यालय का आशय विद्यार्थियों को विद्यालय परिसर में आवास एवं भोजन की व्यवस्था शासन द्वारा प्राप्त होती है। छात्रवृत्ति भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, नई दिल्ली द्वारा उक्त योजना के अन्तर्गत एनएमएमएसइ में चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 9 वीं से 12वीं तक प्रति माह 6,1000 छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

### छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग को प्राप्त महिला उत्पीडऩ से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई 11 मार्च को

**राजनांदगांव 6 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. श्रीमती किरणमयी नायक एवं अन्य सदस्यों द्वारा 11 मार्च 2026 को सुबह 11 बजे से प्रेरणा सभाकक्ष बालगृह परिसर 5 बिल्डिंग महिला एवं बाल विकास कार्यालय दुर्ग में राजनांदगांव जिले से प्राप्त महिलाओं के उत्पीडऩ से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। प्रकरणों की सुनवाई में आवेदिका व अनावेदक को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित रहने कहा गया है।

### राशन कार्डधारियों को 2 माह का राशन मार्च में होगा वितरण

**दंतेवाड़ा, 6 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के राशन कार्डधारियों को माह मार्च 2026 में 02 माह (फरवरी एवं मार्च) का राशन एकमुश्त वितरण किया जाएगा। शासन के निर्देशानुसार जिले के ऐसे राशन कार्डधारी जिन्हें माह फरवरी 2026 का राशन प्राप्त नहीं हुआ है, उन्हें वर्तमान माह मार्च 2026 में माह फरवरी एवं मार्च 2026 दोनों माह का राशन एकमुश्त वितरण किया जाएगा। गौरतलब है कि जिले के प्रदाय केन्द्रों में माह फरवरी 2026 में आबंटन अनुसार चावल की उपलब्धता पूर्व में कम होने के कारण नागरिक आपूर्ति निगम के चावल उपलब्धता वाले प्रदाय केन्द्रों से एलआरटी परिवहन एवं खरीफ वर्ष 2025-26 में चावल उपार्जन किया जाकर उचित मूल्य दुकानों में चावल का भण्डारण कराया जा रहा है।


### कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)
**☎ 07721-233326, Email id-npalika_tilda@yahoo.in**

क्रमांक/1516/न.पा.प./2025-26 — तिल्दा नेवरा, दिनांक 05.03.2026

## !! मैन्युअल निविदा आंमत्रण सूचना (प्रथम)!!

नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला रायपुर (छ.ग.) को पार्षद निधि वर्ष 2025-26-27 अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीकृत प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों से त्रि-लिफाफा पद्धति में शासकीय पंजीकृत डॉक स्पीड पोस्ट के माध्यम से निविदा प्रपत्र-A में प्रचलित एस.ओ.आर.सी.जी.पी.डब्ल्यू.डी. भवन/रोड एवं पी.एच.ई. से प्रतिशत दर (निविदा जारी दिनांक तक संशोधित दर अनुसार) पर निविदा प्रपत्र वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड कर मुहरबंद लिफाफा में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

1. **निविदा प्रारूप में पंजीकृत डॉक से निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि - दि. 27.03.2026 समय-सायं 03:00 बजे तक।**
2. **प्राप्त निविदाएं खोलने की तिथि - दि. 27.03.2026 समय सायं 04:30 बजे।**

| क्र. | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | वार्ड क्र. 05 में श्री साजन वाधवानी के घर के पास एवं प्रेमप्रकाश बत्रा के घर के पास बोर खनन कार्य । PHE SOR 2020 | 4.80 | 4800.00 | 750.00 | 01 माह |
| 2 | वार्ड क्र. 13 में रमेश बत्रा दुकान से सुरेश लखवानी घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य । PWD Building SOR 01.01.2015 | 3.94 | 4000.00 | 750.00 | 03 माह |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से एवं कार्यालय के सूचना पटल में कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती हैं।

टीपः- निविदा हेतु भौतिक दस्तावेज रजिस्टर्ड/पंजीकृत डाक के माध्यम से प्राप्त की जावेगी। निविदा प्रपत्र शुल्क की राशि का डी.डी. मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम से देय होगा।

**मुख्य मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा**

## एक नजर

### सीएम ने लोकतंत्र सेनानी महावीर प्रसाद जैन के निधन पर जताया शोक

**रायपुर, 6 मार्च।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जशपुर के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता और लोकतंत्र सेनानी महावीर प्रसाद जैन के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि महावीर प्रसाद जैन ने अपने जीवन को समाजसेवा, राष्ट्रहित और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए समर्पित किया।आपातकाल के कठिन दौर में उन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए साहसपूर्वक संघर्ष किया और अपने सिद्धांतों पर अडिग रहे। उस समय उनके द्वारा किया गया त्याग और समर्पण लोकतांत्रिक चेतना के प्रति उनकी अटूट निष्ठा का परिचायक है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जैन का जीवन समाज के लिए प्रेरणादायी रहा है। उनका योगदान सदैव स्मरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री साय ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करें।

### राज्यसभा चुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की होगी समीक्षा

**रायपुर, 6 मार्च।** छत्तीसगढ़ की दो राज्यसभा सीटों के लिए चुनावी प्रक्रिया तेज हो गई है। इन सीटों के लिए आज नामांकन पत्रों की समीक्षा की जाएगी। भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। बीजेपी ने लक्ष्मी वर्मा को उम्मीदवार बनाया है, जबकि कांग्रेस ने फूलोदेवी नेताम को प्रत्याशी घोषित किया है। निर्वाचन प्रक्रिया के तहत प्रत्याशी 9 मार्च तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। प्रदेश की ये दोनों राज्यसभा सीटें 9 अप्रैल 2026 को रिक्त हो रही हैं। चुनाव में राज्य के कुल 90 विधायक मतदान करेंगे। विधानसभा में भाजपा के 54, कांग्रेस के 35 और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) का 1 विधायक है। राज्यसभा चुनाव में मतदान गोपनीय मतपत्र के माध्यम से कराया जाएगा। इसके लिए 16 मार्च को मतदान होगा और उसी दिन शाम 5 बजे के बाद नतीजे घोषित किए जाएंगे।

### कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय में होली मिलन





**रायपुर, 6 मार्च।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में होली मिलन कार्यक्रम पारंपरिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। प्रशासनिक भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) मनोज दयाल ने सभी प्राध्यापकों, अतिथि व्याख्याताओं, अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित विश्वविद्यालय परिवार को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कुलपति प्रो. मनोज दयाल ने विश्वविद्यालय के 'रेडियो संवाद' के माध्यम से भी होली पर्व पर अपना शुभकामना संदेश प्रसारित किया। होली मिलन कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और सौहार्दपूर्ण वातावरण में रंगों के इस पर्व का आनंद लिया।

कुलपति प्रो. दयाल ने कहा कि रंगों का यह पावन पर्व समाज में प्रेम, भाईचारे, समरसता और एकता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्यौहार ही नहीं, बल्कि कुटुंब प्रबोधन और सामाजिक सद्भाव को सुदृढ़ करने का अवसर भी है। उन्होंने सभी से अपील की कि त्योहार को स्वदेशी जीवन शैली के अनुरूप मनाते हुए इस बात का विशेष ध्यान रखें कि किसी को किसी प्रकार की असुविधा या कष्ट न पहुंचे। कुलपति ने कामना की कि होली का यह पर्व विश्वविद्यालय परिवार तथा विद्यार्थियों के जीवन में नई ऊर्जा, नई उम्मीद और नई उमंग लेकर आए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव सुनील कुमार शर्मा सहित सभी प्राध्यापकगण, अतिथि व्याख्याता, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रमजान, नवरात्रि के लिए राजधानी के बाजारों में खरीदारों की उमड़ी भीड़

» नवरात्र में मंदिरों की आकर्षक साज सज्जा और ज्योत जलाने की विशेष तैयारियां

» महामाया मंदिर में जलेंगी सर्वाधिक ज्योत, 19 से नवरात्रि की धूम

**रायपुर, 6 मार्च।** रमजान एवं नवरात्रि के चलते इस समय गोल बाजार सदरबाजार एवं मालवीय रोड में खरीददारों की भीड़ उमड़ पड़ी है जिसके चलते यातायात प्रभावित हो रहा है। इधर होली की खुमारी अब धीरे धीरे उतर रही है जिसके चलते अब सभी बाजार खुलने लगे है। मिली जानकारी के अनुसार आज 16 वां रोजा है जिसके चलते रोजेदार अपना रोजा तोड़ने के लिए विभिन्न बाजारों में फल खजूर एवं अन्य खाद्य पदार्थो का सेवन करते है जिसके कारण केला सेव अंगूर का भाव बढ़ गया है। वहीं चीकू और अनार का भाव आसमान छू रहा है। इधर ईद 24 या 25 मार्च को मनाई जाएगी। इसकी विधिवित घोषणा नहीं की गई है। वहीं नवरात्र 19 मार्च से शुरू हो रहा है। नवरात्रि का समापन 27 को हो रहा है जिसके चलते अब यहां पर भी गोल बाजार में पूजा की सामाग्री खरीदने के लिए उमड़ पड़ी है गोल बाजार में स्थापना कलश धूप एवं हवन सामाग्री लेने वाले आ रहे है। वहीं माता की चुनरी की भी बिक्री हो रही है।



### मंदिरों और मस्जिदों की आकर्षक सजावट

राजधानी के मंदिरों में नवरात्रि की तैयारियां शुरू हो गई है मंदिरों में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर विशेष पूजा पाठ एवं ज्योत जलाई जाएगी। ज्योत का रेट 750 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक रखा गया है। महामाया मंदिर में सबसे ज्यादा ज्योत जलाई जाती है। राजधानी के विभिन्न देवी मंदिरों में भी ज्योत जलाई जाएगी। डोंगरगढ़ और रतनपुर जाने वाले भक्तों के लिए विशेष ट्रेन चलाई जाएगी। चैत्र नवरात्रि में पद यात्री बड़ी संख्या में डोंगरगढ़ जाते है। जिसके कारण भक्तों में उत्साह रहता है।

# राज्यपाल ने बैगा-बिरहोर आदिवासियों की संस्कृति को सहेजने की दी सीख

## आर्चरी खिलाड़ियों को 5-5 हजार देने की घोषणा

**रायपुर, 6 मार्च।** राज्यपाल रमेन डेका ने बैगा-बिरहोर आदिवासियों से कहा कि अपनी समृद्ध, पारंपरिक संस्कृति को सहेजने के लिए स्थानीय भाषाओं, लोकगीतों, कलाओं और रीति-रिवाजों को संरक्षित रखना आवश्यक है। उन्होंने समृद्ध संस्कृति ओर परंपरा को सहेजकर रखने का आग्रह करते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ते हुए भी अपनी परंपराओं को विलुप्त न होने दें। राज्यपाल रमेन डेका आज अपने बिलासपुर प्रवास के दौरान कोटा विकासखंड के शिवतराई पहुंचकर बैगा और बिरहोर आदिवासियों से शासन की योजनाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी ली। राज्यपाल ने कहा कि बैगा और बिरहोर समाज की समृद्ध संस्कृति और परंपराएं उनकी पहचान हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने आर्चरी के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए प्रत्येक खिलाड़ी को 5-5 हजार रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने खिलाड़ियों को लोकभवन रायपुर आने का निमंत्रण दिया तथा कलेक्टर को उनके आवागमन सहित आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

राज्यपाल डेका ने लखपति दीदी श्रीमती प्रमिला बैगा से चर्चा की। उन्होंने बताया कि वे गोंदा स्व-सहायता समूह से जुड़ी हैं। समूह की श्रीमती रश्मि मरावी ने बताया कि उनके समूह द्वारा सिलाई-मशीन का काम, अचार-पापड़ निर्माण सहित अन्य आजीविका





गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। बैगा महिलाओं द्वारा बांस से विभिन्न उपयोगी उत्पाद भी तैयार किए जा रहे हैं। राज्यपाल ने आयुष्मान कार्ड, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण), राशन की उपलब्धता, पीएम जनमन योजना सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी भी ली। औरापानी की श्रीमती मंगली ने बताया कि उन्हें आवास योजना का लाभ मिला है। शिवतराई की श्रीमती ममता खुसरो ने बताया कि उन्हें आयुष्मान कार्ड के साथ महतारी वंदन योजना का भी लाभ मिल रहा है। उन्होंने आयुष्मान कार्ड से अपना अल्सर का ऑपरेशन भी कराया है।

### जनमन योजना के तहत 265 आवास स्वीकृत

राज्यपाल ने कहा कि बांस के उत्पाद और पारंपरिक गहने बनाना सिखाने के लिए प्रशिक्षक की भी व्यवस्था की जाएगी। राज्यपाल ने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने पर भी जोर दिया। इस दौरान सरपंच ने बताया कि यहां पीएम जनमन योजना के तहत 265 आवास स्वीकृत हुए हैं। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि जिले में पीवीटीजी समुदाय के लगभग 6400 लोग 54 बसाहटों में निवासरत हैं। पीएम जनमन योजना के तहत लगभग 900 आवास स्वीकृत किए गए हैं तथा 21 सड़कों का निर्माण किया गया है। टाटीधार में बहुद्देशीय केंद्र बनाया गया है। पीवीटीजी बसाहटों में 3 मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण और दवाईयां निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### नियमित रूप से मेडिकल कैंप लगाएं

राज्यपाल ने निर्देश दिए कि पीएम जनमन योजना का अधिक से अधिक लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जाए तथा नियमित रूप से मेडिकल कैंप लगाए जाएं। उन्होंने टीबी मरीजों के पोषण के लिए उन्हें गोद लेने की पहल को भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यदि किसी को मोतियाबिंद की समस्या है, तो वे एम्स आ सकते हैं, वहां उनके ठहरने की व्यवस्था भी की जाएगी। राज्यपाल ने बैगा समाज के लोगों को होली पर्व की शुभकामनाएं दीं और उन्हें उपहार भी प्रदान किया।

इस अवसर पर बैगा समाज के प्रमुख लुमन सिंह बैगा ने पलाश के फूलों की माला पहनाकर राज्यपाल का स्वागत किया तथा बैगा महिलाओं ने खुमरी पहनाकर उनका पारंपरिक स्वागत किया। कार्यक्रम में एसएसपी रजनेश सिंह, सीसीएफ मनोज पांडे, एडीएम शिव कुमार बनर्जी सहित बड़ी संख्या में बैगा आदिवासी समाज के लोग, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन और अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### भाजपा की लक्ष्मी, कांग्रेस की फूलोदेवी को नौ मार्च को अधिकृत रूप से किया जाएगा विजयी घोषित





**रायपुर, 6 मार्च।** विधान सभा सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार राज्य सभा के लिए नामांकन भरने वाले भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मी वर्मा और कांग्रेस की फूलो देवी नेताम को नौ मार्च को निर्वाचन अधिकारी द्वारा अधिकृत रूप से विजयी घोषित कर दिया जाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार विस में संचालक मनीष शर्मा को निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 9 मार्च को नामांकन के वापसी की अंतिम तिथि है विस में सिर्फ भाजपा की लक्ष्मी वर्मा और कांग्रेस की फूलोदेवी नेताम ने नामांकन भरा है इसलिए किसी प्रत्याशी का नाम वापस नहीं लिया जा सकेगा। जिसके चलते इन दोनों प्रत्याशियों को नौ मार्च को ही अधिकृत रूप से विजयी घोषित कर दिया जाएगा। निर्वाचन अधिकारी मनीष शर्मा आज नामांकन पत्रों की छटाई का काम देख रहे है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार की उपस्थिति में नामांकन पत्रों की छटाई का काम हो रहा है चूंकि यह काम अंतिम प्रक्रिया में है इसके कारण अनाधिकृत रूप से जितना निश्चित है। लेकिन 9 मार्च अथवा 10 मार्च को इसकी अधिकृत घोषणा कर दी जाएगी। निटर्निंग अफसर दोनों विजयी प्रत्याशियों को जीत का प्रमाण पत्र प्रदान करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के छग प्रभारी यशवंत कुमार को मुख्य आब्जर्वर बनाया गया है। वे संपूर्ण प्रक्रिया अपनाई जा रही है। ज्ञात रहे फूलो देवी नेताम कांग्रेस की दोबारा प्रत्याशी बनाई गई है वे कांकेर जिले के रहने वाली है।

# अंधेकत्ल की गुत्थी सुलझी, दोस्त ही निकला कातिल, गिरफ्तार

**रायपुर, 6 मार्च।** फाफाडीह स्थित रेलवे इंजीनियरिंग कॉलोनी के पीछे संदिग्ध परिस्थितियों में मिले युवक के शव के मामले में पुलिस ने 12 घंटे के भीतर बड़ा खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक को घर से घुमाने ले जाने वाला उसका दोस्त ही हत्या का आरोपी निकला।

जानकारी के अनुसार 5 मार्च 2026 की सुबह करीब 10 बजे पुलिस को सूचना मिली कि खारुन विहार स्थित रेलवे इंजीनियरिंग कॉलोनी फाफाडीह के पीछे नाले के पास एक युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही डीसीपी सेंट्रल जोन, एडिशनल डीसीपी, कोतवाली एसीपी सहित थाना गंज पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा व साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की। जांच के दौरान मृतक की पहचान राजा साहू (लगभग 25 वर्ष) निवासी चुनाभट्ठी, थाना गंज क्षेत्र के रूप में हुई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि राजा सुबह करीब 8 बजे किसी परिचित युवक के साथ बाहर जाने की बात कहकर घर से निकला था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज के आधार पर पता चला कि चुनाभट्ठी निवासी बिट्टू यादव (19 वर्ष) राजा साहू को घर से अपने साथ लेकर निकला था और वही घटना स्थल के पास भी दिखाई दिया। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी की पतासाजी कर घेराबंदी की और उसे हिरासत में ले लिया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह और मृतक अक्सर साथ घूमते थे। कुछ दिन पहले उसकी गाड़ी में हुई टूट-फूट का पैसा वह राजा से मांग रहा था। बार-बार पैसे मांगने के बावजूद पैसे नहीं मिलने से वह नाराज था। इसी बात को लेकर सुबह दोनों के बीच विवाद हुआ और गुस्से में आरोपी ने राजा पर हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया। फिलहाल आरोपी पुलिस हिरासत में है और उससे पूछताछ कर आगे की साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार डीसीपी सेंट्रल जोन के मार्गदर्शन में अलग-अलग टीम बनाकर सीसीटीवी जांच, आरोपी की पतासाजी और साक्ष्य संकलन किया गया, जिसके चलते घटना के महज 12 घंटे के भीतर मामले का खुलासा कर आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली।

### होली के दौरान तलवार लहराकर दहशत फैला रहे बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर, 6 मार्च।** रायपुर पुलिस कमिश्नरेट के डीसीपी सेंट्रल जोन के निर्देश पर थाना सिविल लाइन पुलिस ने ताजनगर क्षेत्र में तलवार लहराकर लोगों को डराने-धमकाने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 05 मार्च 2026 को सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ व्यक्ति ताजनगर इलाके में धारदार तलवार लहराकर लोगों को आतंकित कर रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना सिविल लाइन पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अरबाज खान (24 वर्ष) पिता शेख जमलुद्दीन, निवासी तक नगर पंडरी पुलिस चौकी के पास थाना सिविल लाइन; दुर्गेश साहू उर्फ जरहा (26 वर्ष) पिता देवानंद साहू, निवासी काली नगर पुलिस चौकी के पास थाना सिविल लाइन; तथा नंदन राय (40 वर्ष) पिता स्वर्गीय अमल कृष्ण राय, निवासी पंडरी गांधी नगर चंद्राकर किराना स्टोर के पास थाना सिविल लाइन के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से धारदार तलवार भी जब्त की है। फिलहाल तीनों के खिलाफआर्म्स एक्ट एवं अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# डेटा-संचालित मॉडल से धान खरीदी में पारदर्शिता, राज्य को 2,780 करोड़ की बचत



**रायपुर, 6 मार्च।** छत्तीसगढ़ में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए राज्य सरकार ने एआई आधारित निगरानी प्रणाली लागू की है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के विजन और मार्कफेड चेयरमैन जितेंद्र कुमार शुक्ला के नेतृत्व में लागू इस तकनीकी पहल से सरकार को लगभग 2,780 करोड़ की बचत हुई है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य में 141.04 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी पर ?43,720 करोड़ खर्च हुए, जबकि 2024-25 में 149.24 लाख मीट्रिक टन खरीदी पर लगभग 46,500 करोड़ खर्च हुए थे। विशेषज्ञों के अनुसार खरीदी की मात्रा में आई कमी उत्पादन घटने के कारण नहीं, बल्कि फर्जी पंजीकरण और सीमावर्ती राज्यों से आने वाले धान पर सख्त नियंत्रण का परिणाम है। परियोजना के तहत प्रदेश के 2,739 धान उपार्जन केंद्रों को एआई कैमरों से जोड़कर रीयल-टाइम मॉनिटरिंग नेटवर्क बनाया गया है और रायपुर में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित किया गया है। करीब 48.92 करोड़ की लागत वाली इस परियोजना ने निवेश से कई गुना अधिक लाभ देते हुए धान खरीदी प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बना दिया है।

**सशक्तिकरण** / सीमित संसाधनों और अवसरों का लाभ उठाकर महिलाएं उद्यमिता के क्षेत्र में बढ़ रहीं आगे

# महतारी वंदन योजना से महिलाओं को मिली आत्मनिर्भरता की नई राह

**रायपुर, 6 मार्च।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बन रही है। योजना के अंतर्गत मिलने वाली आर्थिक सहायता से महिलाएं न केवल अपनी दैनिक जरूरतें पूरी कर रही हैं, बल्कि अपने कौशल का उपयोग कर परिवार की आय में भी योगदान दे रही हैं।

कोरबा नगर के पोड़ीबहार क्षेत्र में निवासरत महंत परिवार की महिलाओं के जीवन में भी इस योजना से सकारात्मक परिवर्तन आया है। परिवार की मुखिया श्रीमती रथबाई महंत, उनकी पुत्री राधिका महंत तथा बहुएं गुरवारी और उर्मिला देवी इस योजना का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

रथबाई महंत बताती हैं कि पहले सीमित संसाधनों और अवसरों के अभाव में परिवार की महिलाएं अपने कौशल का पूरा उपयोग नहीं कर पाती थीं। महतारी वंदन योजना से मिलने वाली आर्थिक सहायता ने उन्हें अपने हुनर को आगे बढ़ाने का अवसर दिया है। इससे महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है और परिवार की आर्थिक स्थिति भी मजबूत हुई है।

परिवार की बहुएं गुरवारी और उर्मिला देवी बताती हैं कि पहले उन्हें छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन अब योजना से मिलने वाली राशि से वे स्वयं अपने खर्चों का प्रबंधन कर रही हैं और परिवार की आय में सहयोग दे रही हैं। उर्मिला देवी ने बताया कि घर की महिलाएं अपनी आय का एक हिस्सा बैंक में बचत के रूप में जमा भी कर रही हैं।

वहीं राधिका महंत ने योजना से मिली सहायता का उपयोग कर घर पर सिलाई-कढ़ाई का कार्य प्रारंभ किया है। आसपास के लोग उनके पास कपड़े सिलवाने तथा फॉल-पीकू कराने के लिए आने लगे हैं, जिससे उन्हें नियमित आय प्राप्त हो रही है। महतारी वंदन योजना ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के साथ उज्ज्वल भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने का विश्वास भी प्रदान किया है।

### ग्रामीण महिलाओं को मिल रहा संबल

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना ग्रामीण महिलाओं के लिए आर्थिक संबल बनी है। योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ सरकार से प्रतिमाह प्राप्त होने वाली एक हजार रूपए की सहायता राशि से महिलाएं अपनी दैनिक आवश्यकताओं को पूरा कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। कोरबा जिले के पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के दूरस्थ ग्राम मुकुवा में भी इस योजना का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है। ग्राम मुकुवा की निवासी बॉबी बाई बताती हैं कि उनके पति लकवाग्रस्त होने के कारण कार्य करने में असमर्थ हैं, जिससे परिवार की जिम्मेदारी उनके कंधों पर है। गांव में कभी-कभार मिलने वाली मजदूरी से ही घर का खर्च चलता है। ऐसे में महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह मिलने वाली एक हजार रुपये की राशि उनके लिए सहारा बन गई है। उन्होंने बताया कि इस महीने योजना से मिली राशि की बचत कर उन्होंने घर के लिए आवश्यक सामान खरीदे हैं। इससे पहले ठंड के मौसम में इसी राशि से उन्होंने परिवार के लिए कंबल भी खरीदे थे। ग्राम मुकुवा की ही पवड़िया बाई ने बताया कि गांव की अधिकांश महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल रहा है। प्रतिमाह मिलने वाली आर्थिक सहायता से महिलाएं राशन, कपड़े और घर की अन्य जरूरी जरूरतें पूरी कर पा रही हैं। पहले छोटी-छोटी जरूरतों के लिए उधार मांगना पड़ता था, लेकिन अब नियमित सहायता से काफी राहत मिल रही है। ग्रामीण महिलाओं का कहना है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रारंभ की गई महतारी वंदन योजना से महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। यह योजना न केवल उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायक है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने का आत्मविश्वास भी प्रदान कर रही है।

# बिहान योजना से खिला रत्ना का भविष्य फूलों की खेती से बनीं सफल उद्यमी

**रायपुर, 6 मार्च।** छत्तीसगढ़ शासन की 'बिहान' (छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन) योजना ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसी योजना से जुड़कर सरगुजा जिले के अम्बिकापुर विकासखंड के ग्राम पंचायत डिगमा की निवासी श्रीमती रत्ना मजुमदार आज सैकड़ों महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं। अपनी मेहनत और सरकारी सहयोग से उन्होंने न केवल परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत की, बल्कि एक सफल महिला उद्यमी के रूप में पहचान भी बनाई है।

रत्ना मजुमदार बताती हैं कि उनके ससुर पहले से ही छोटे स्तर पर फूलों की खेती करते थे। 'माँ महामाया स्व-सहायता समूह' से जुड़ने के बाद उन्होंने इस पारंपरिक कार्य को व्यवसाय का रूप देने का निर्णय लिया। समूह के माध्यम से उन्होंने पहली बार एक लाख रुपये का ऋण लिया और एक एकड़ भूमि में आधुनिक तकनीक से फूलों की खेती शुरू की। मेहनत और लगन के चलते आज



वे दो एकड़ भूमि में सफलतापूर्वक फूलों का उत्पादन कर रही हैं। रत्ना ने खेती में आधुनिक और वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाया है। वे उन्नत किस्म के पौधे कोलकाता से मंगवाती हैं, जो मात्र 24 दिनों में फूल देना शुरू कर देते हैं और लगभग तीन महीनों तक लगातार उत्पादन देते हैं। खेतों में 'ड्रिप इरिगेशन' (टपक सिंचाई) प्रणाली का उपयोग किया जाता है, जिससे जल संरक्षण के साथ पौधों को पर्याप्त पोषण भी मिलता है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26